नई दिल्ली

शनिवार 10 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 268
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 18.0
न्यून. 6.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | कमजोर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,576.24 | 604.72 ▼ |
| निफ्टी | 25,683.30 | 193.55 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,41,700/- | 1200/- ▲ |
| चांदी | 2,50,000/- | 6500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.16 | 26 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 62.10 बैरल 0.18% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक के बयान पर भारत की अमेरिका को खरी-खरी...

# प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 में एकाध बार नहीं, कुल 8 बार की है राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत

***यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक के विवादास्पद बयान कि 'अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 2025 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन किया होता तो भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) हो जाता', को शुक्रवार को भारत ने दो टूक अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि हम अमेरिका की तरफ से की गई टिप्पणियों से पूरी तरह से वाकिफ हैं। दोनों देश पिछले साल 13 फरवरी 2025 से ही एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) करने के लिए प्रतिबद्ध थे। तभी से दोनों पक्षों ने एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए कई दौर की बातचीत की है। कई बार हम इस बातचीत के दौरान समझौतों के बेहद करीब भी पहुंचे हैं। लेकिन अमेरिका से आई ताजातरीन टिप्पणियों में दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते से संबंधित चर्चाओं का जो विवरण दिया गया है। वो वास्तविक स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शाता है। 2025 में हमारे पीएम मोदी और अमेरिका के ⏩ शेष पेज 9 पर



### दोनों नेताओं के बीच हैं मित्रवत संबंध

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच मित्रतापूर्ण संबंध हैं। दोनों हमेशा ही अपनी मुलाकात के दौरान एक-दूसरे को राजनयिक नियम-कायदों के मुताबिक बेहद सम्मान के साथ संबोधित करते हैं। रणधीर के मुताबिक, दोनों देशों के रिश्ते अच्छे हैं और हम दो पूरक अर्थव्यवस्थाओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौता कराने में रुचि रखते हैं और इसे संपन्न करने की आशा करते हैं।

### 140 करोड़ लोगों को सस्ता तेल देना लक्ष्य

मंत्रालय के प्रवक्ता ने भारत पर अमेरिका द्वारा 500 फीसदी तक टैरिफ लगाने वाले विधेयक से जुड़े प्रश्न के जवाब में कहा कि इस विधेयक और इससे जुड़ी हुई तमाम गतिविधियों के बारे में हमें जानकारी है। उन पर हम पूरी तरह से ध्यान केंद्रित हुए हैं। इसके अलावा जहां तक ऊर्जा स्रोतों और जरूरतों का मसला है तो उसे लेकर भारत के रुख से भी आप भलीभांति परिचित हैं। जिसका निर्धारण अंतरराष्ट्रीय बाजार ⏩ शेष पेज 9 पर

### भारत 1950 से यूएस में हायर कर रहा लॉबी फर्म

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत द्वारा लॉबी फर्म के जरिए अमेरिका के साथ लॉबी किए जाने के मामले में उन्होंने कहा कि यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। बल्कि देश की एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसके तहत वह लॉबी फर्म को हायर करते हैं। भारत आज से नहीं बल्कि वर्ष 1950 से ऐसा करता आया है। इतना ही नहीं इस बाबत हमारे संबंध में सारी जानकारी सार्वजनिक रूप से वेबसाइट पर उपलब्ध है। वर्तमान समय में अमेरिका स्थित हमारे दूतावास ने भी ये ही किया है, जो पुरानी कवायद का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें इसमें भी कोई शक नहीं है कि अमेरिका भारत का एक बहुआयामी साझेदारी वाला महत्वपूर्ण भागीदार देश है।

### ग्रीनलैंड के मामले पर भारत की नजर

उन्होंने वेनेजुएला के बाद ग्रीनलैंड के खिलाफ अमेरिकी आक्रामकता के प्रश्न के जवाब में कहा कि ग्रीनलैंड के मामले को लेकर मौजूदा दौर में जारी तमाम गतिविधियों पर हमारी पैनी नजर बनी हुई है। इसके अलावा सोमालिया को लेकर भारत का यही कहना है कि इस ⏩ शेष पेज 9 पर

### आईएसए : मजबूती से जारी रहेगा काम

रणधीर ने अमेरिका द्वारा भारत की अगुवाई वाले अंतरराष्ट्रीय सौर ऊर्जा संघ (आईएसए) सहित दुनिया के कुल 66 वैश्विक संगठनों से अपनी सदस्यता को समाप्त करने के निर्णय पर कहा कि इस संबंध में मीडिया में आई खबरों के माध्यम से हमें जानकारी मिली है। वर्तमान में आईएसए के कुल 125 सदस्य हैं और ये संगठन समान चुनौतियों के अपने लक्ष्यों पर संयुक्त रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए सदस्य देशों को सहयोग प्रदान करने में लगा हुआ है। जिसमें तमाम सदस्यों की आवश्यकताओं के मद्देनजर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना भी शामिल है। इसी से मार्फत वैश्विक ऊर्जा पहुंच को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा, आईएसए लगातार अपने सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा। जिसमें ⏩ शेष पेज 9 पर

टीएमसी सांसदों ने शाह के कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

# *ईडी छापे के खिलाफ प्रदर्शन करने पहुंचें आठ सांसदों को पुलिस ने हिरासत में लिया*




हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के आठ सांसदों ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन करने के आरोप में डेरेक ओ'ब्रायन, कीर्ति आजाद और महुआ मोइत्रा समेत 8 सांसदों को हिरासत में ले लिया। टीएमसी सांसदों ने बृहस्पतिवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के खिलाफ यह प्रदर्शन किया।

सभी सांसद हाथों में 'बंगाल मोदी-शाह की गंदी राजनीति को खारिज करता है' लिखे पोस्टर लिए शाह के कार्यालय के बाहर पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन करने के आरोप में सांसद डेरेक ओ'ब्रायन, शताब्दी रॉय, महुआ मोइत्रा, बापी हलदर, साकेत गोखले, प्रतिमा मंडल, कीर्ति आजाद और डॉ. शर्मिला सरकार को हिरासत में ले लिया।

महुआ मोइत्रा ने कहा कि हम बीजेपी को हराएंगे। देश देख रहा है कि दिल्ली पुलिस एक चुने हुए सांसद के साथ कैसा व्यवहार कर रही है। सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि ईडी ने ⏩ शेष पेज 9 पर

जांच ममता और टीएमसी पर नहीं, फिर सीएम क्यों घबराई?

# *कल जो हुआ वह आजाद भारत में पहले कभी नहीं हुआ, भाजपा ने ममता को घेरा*

***कहा, ममता का आचरण अमर्यादित,उन्होंने पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को शर्मसार कर दिया***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भाजपा ने बृहस्पतिवार को कोलकाता में ईडी के छापे के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आचरण को नियमों, कानून, लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार करने वाला बताया है। भाजपा सांसद एवं पार्टी प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को इस मामले में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कल जो हुआ वह आजाद भारत में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने पूछा कि आखिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को किस बात की घबराहट है। प्रसाद ने कहा कि एक वर्तमान मुख्यमंत्री, एक प्राइवेट प्रॉपर्टी में घुसकर जहां ईडी के द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग की कार्रवाई चल रही है, वहां जाती हैं और धमकाती हैं। वो पेपर छीनकर करके वहां से चली जाती। उनका आचरण अमर्यादित, असंवैधानिक, शर्मनाक है लेकिन उन्होंने पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये रेड न ममता बनर्जी के घर पर थी, न उनके ऑफिस में, न टीएमसी के किसी नेता- विधायक या सांसद के घर या दफ्तर पर थी। ये रेड थी एक प्राइवेट कंसल्टेंसी फर्म, जिसके ⏩ शेष पेज 9 पर

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से तीन दिन गुजारेंगे गुजरात में

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 जनवरी तक गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे धार्मिक, सांस्कृतिक, विकासात्मक और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

**10 जनवरीः सोमनाथ में धार्मिक कार्यक्रम** : प्रधानमंत्री 10 जनवरी की शाम सोमनाथ पहुँचेंगे। शाम करीब 8 बजे वे सोमनाथ मंदिर में ओंकार मंत्र के सामूहिक जाप में भाग लेंगे। इसके पश्चात प्रधानमंत्री सोमनाथ मंदिर परिसर में आयोजित ड्रोन शो का अवलोकन करेंगे।

**11 जनवरीः शौर्य यात्रा और विकास कार्यक्रमः** 11 जनवरी की सुबह करीब 9:45 बजे प्रधानमंत्री शौर्य यात्रा में शामिल होंगे। यह



एक औपचारिक और प्रतीकात्मक यात्रा होगी, जिसका आयोजन सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले असंख्य वीर योद्धाओं के सम्मान में किया जा रहा है। इसके बाद प्रधानमंत्री सोमनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे।

करीब 11 बजे वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद प्रधानमंत्री राजकोट रवाना होंगे, जहाँ वे वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र) में हिस्सा लेंगे। वहां आयोजित ट्रेड शो और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। मारवाड़ी विश्वविद्यालय, राजकोट में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।

राजकोट से प्रधानमंत्री अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम को, वे महात्मा मंदिर मेट्रो स्टेशन पर अहमदाबाद मेट्रो फेज़-2 के शेष हिस्से का उद्घाटन करेंगे।

**12 जनवरीः भारत–जर्मनी द्विपक्षीय कार्यक्रमः** 12 जनवरी को प्रधानमंत्री अहमदाबाद में जर्मनी के संघीय चांसलर महामहिम श्री फ्रेडरिक मर्ज़ से मुलाकात करेंगे। सुबह में दोनों नेता साबरमती आश्रम का दौरा करेंगे। इसके बाद साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लेंगे। इसके ⏩ शेष पेज 9 पर

मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दी यह जानकारी

# हिंदुओं पर हो रहे लगातार हमलों को लेकर भारत की बांग्लादेश को कड़ी चेतावनी

सांप्रदायिक घटनाओं को 'व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक विवाद' बताकर खारिज करने से बढ़ते अपराधियों के हौसले

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पिछले साल अगस्त-2025 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के अचानक भारत पहुंचने और उसके बाद हाल के समय में पड़ोसी देश में हुई कट्टरपंथी युवा उस्मान हादी की मौत दो ऐसी घटनाएं रही हैं। जिनके बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और उसमें भी खासकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और रक्तपात का क्रमवार सिलसिला शुरू हो गया है। मामला भारत के निकट पड़ोसी देश से जुड़ा हुआ है। इसलिए शुक्रवार को इस पर देश के अंदर से ⏩ शेष पेज 9 पर


बांग्लादेश में प्रदर्शन फाइल फोटो

### बीते 18 दिन में हुई कई हत्याएं

*गौरतलब है कि बांग्लादेश में बीते करीब 18 दिनों के अंदर कुल करीब छह हिंदू अल्पसंख्यकों की उग्र कट्टरपंथियों के समूह और बदमाशों के गिरोह द्वारा बेहद निर्ममता से हत्या की जा चुकी है। भारत ने पूर्व समय में पड़ोसी देश में चल रहे इस पूरे* ⏩ शेष पेज 9 पर

### पाक संग जारी साठगांठ पर पूरी नजर

रणधीर ने मीडिया ब्रीफिंग में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच तेजी से बढ़ती नजदीकियों (दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवा की शुरुआत, पाक द्वारा बांग्लादेश को दिए जाने वाले चीनी जे-17 विमानों का मसला शामिल) को लेकर कहा कि हमें दोनों देशों के बीच जारी तमाम गतिविधियों के बारे में जानकारी है और इन पर हमारी करीब से नजर भी बनी हुई है।




### छह राज्यों में फैला था जाल, करीब दो करोड़ का माल जब्त

# मोबाइल टावरों के 130 आरआरयू दुबई पहुंचने से पहले जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- आरआरयू को स्क्रैप के तौर पर दुबई एक्सपोर्ट करने की थी योजना

क्राइम ब्रांच ने मोबाइल टावरों के रिमोट रेडियो यूनिट (आरआरयू) चोरी करने वाले रैकेट का पर्दाफाश करते हुये दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग दो करोड़ कीमत के 130 आरआरयू बरामद हुये। आरोपी इन्हें स्क्रैप के तौर पर दुबई में अपने साथी को एक्सपोर्ट करने की योजना बना रहे थे। जांच में पता चला कि इस गिरोह के तार छह राज्यों में फैले थे। 60 चोरी के मामले इन्हीं राज्यों के बताये गये हैं।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल (आईएससी) ने चोरी के मोबाइल टावर उपकरणों की खरीद बिक्री में शामिल इस अंतरराज्यीय सिंडिकेट के मास्टरमाइंड का नाम आफताब उर्फ रेहान (28), निवासी इंदिरा विहार, गोकलपुरी है। जबकि उसके साथी रबनवाज उर्फ बॉबी (40), निवासी शाहदरा, दिल्ली को हिरासत में लिया गया। ऑपरेशन के दौरान 130 रेडियो रिमोट यूनिट इनसे बरामद हुये। यह मोबाइल टावरों में इस्तेमाल होने वाला महत्वपूर्ण और महंगा पुर्जा है और प्रत्येक की कीमत लगभग 1.5 लाख के आसपास होती है। चोरी के आरआरयू खरीदने के लिये शाहदरा में एक गोदाम में रखे जाते थे। महिपालपुर में रहने वाले एक ट्रांसपोर्टर के जरिए उन्हें गलत तरीके से स्क्रैप माल बताकर दुबई स्मगल करने की योजना आरोपी बना रहे थे। एक्सपोर्ट के लिए टाटा 407 गाड़ी में एक बड़ी खेप ले जाने की जानकारी मिलने पर तुरंत छापा मारा गया, जिससे धौला कुआं से दोनों आरोपियों को पकड़ा जा सका। गाड़ी से 130 आरआरयू बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि चोरी के आरआरयू उन्होंने अपने साथियों से लगभग 90 हजार प्रति यूनिट के हिसाब से खरीदे थे। उन्होंने इन आरआरयू को ट्रांसपोर्टर के निर्देशों के अनुसार पैक किया और कस्टम क्लीयरेंस के लिए जाली इनवॉइस लगाए जिसमें सामान को स्क्रैप दिखाया गया था। जांच में पता चला कि आफताब मलिक उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 10 ऐसे ही मामलों में शामिल था, जिसके कारण उसे इस मामले में गिरफ्तार किया गया। उसके साथी रबनवाज को धारा 35(3) बीएनएसएस के तहत पाबंद किया गया। बरामद सामान का एयरटेल के प्रतिनिधियों से वेरिफिकेशन किया गया, जिन्होंने पुष्टि की कि 60 आरआरयू दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, झारखंड और मध्य प्रदेश में टेलीकॉम इंस्टॉलेशन से चोरी किए गए थे। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस स्टेशनों के साथ जानकारी शेयर की गई है। बाकी बरामद आरआरयू के मालिक का पता लगाने और फरार साथियों को पकड़ने व अंतरराज्य नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म करने के प्रयास जारी हैं।

# तुर्कमान गेट हिंसा मामले में अब तक 12 किए अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- मुख्य सड़क आज भी रही बंद
- कड़े सुरक्षा पहले में हुई जुमे की नमाज

दिल्ली पुलिस ने तुर्कमान गेट पर हुए पथराव मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके बाद गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 12 हो गई है। इस बीच, शुक्रवार की नमाज के मद्देनजर इलाके में और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। स्थानीय लोगों द्वारा कड़े सुरक्षा पहरे में जुमे की नमाज अदा की गई।

मध्य जिले के एडिशनल सीपी निधिन वाल्सन के अनुसार पकड़े गये 12वें आरोपी का नाम मोहम्मद इमरान (36) है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि इलाके में सुरक्षा व्यवस्था आने वाले दिनों में भी कड़ी रहेगी। वरिष्ठ अधिकारी भी शुक्रवार को जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की निगरानी करते नजर आए। मस्जिद और आसपास की गलियों के पास अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं और आवागमन को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए रणनीतिक बिंदुओं पर चौकियां स्थापित की गई हैं। वाल्सन ने बताया कि इलाके पर कड़ी नजर रखने के लिए ड्रोन निगरानी और सीसीटीवी निगरानी का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

### जुमे की नमाज को लेकर अतिरिक्त बल की तैनाती

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। शुक्रवार की नमाज को देखते हुए एहतियात के तौर पर हमने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था पहले से कड़ी की है। दिल्ली पुलिस इलाके में कड़ी निगरानी रख रही हैं और स्थानीय समुदाय के सदस्यों के साथ लगातार संपर्क में हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और अपुष्ट संदेशों पर ध्यान न देने की अपील की है। अधिकारी ने बताया कि सामान्य स्थिति बहाल होते ही पहले लगाए गए प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों ने यह भी साफ किया कि हमने मस्जिद में आने वाले लोगों की संख्या पर भी कोई प्रतिबंध नहीं लगाया।

### 10 सोशल मीडिया इंफ्लुएंसरों की हुई पहचान

जांच के दौरान पुलिस ने घटना से जुड़ी भ्रामक या अपुष्ट जानकारी फैलाने के आरोप में सोशल मीडिया के 10 इंफ्लुएंसरों की पहचान की है। अधिकारियों के अनुसार इनमें से एक 'इंफ्लुएंसर' ऐमेन रिजवी समन किये जाने के बावजूद अब तक जांच में शामिल नहीं हुआ है। एक अन्य 'इन्फ्लुएंसर' सलमान को अब तक समन नहीं भेजा गया है और सोशल मीडिया मंच पर कुछ संदेशों के प्रसार के संबंध में उसकी भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक समाजवादी पार्टी के एक सांसद की भूमिका की भी जांच की जा रही है। हम उन्हें नोटिस भेज सकते हैं। जांच के तहत उनके सभी बयानों की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पथराव की घटना की जांच कई पहलुओं से जारी है, जिसमें डिजिटल साक्ष्यों की जांच, गलत सूचना फैलाने वालों की पहचान और हिंसा से जुड़े संदिग्धों से पूछताछ शामिल है।

### दो यात्री किए गिरफ्तार

# दिल्ली हवाई अड्डे पर आठ करोड़ रुपये का गांजा जब्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सीमा-पार से लगभग आठ करोड़ रुपये मूल्य के गांजे की तस्करी के आरोप में यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी यात्रियों को वियतनाम के हनोई से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल-तीन पर मंगलवार को पकड़ा गया। अधिकारियों ने पॉलीथीन के नौ पैकेट में हरे रंग का मादक पदार्थ जब्त किया, जिसके गांजा होने का संदेह है और इसका कुल वजन 7.7 किलोग्राम था। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने प्रतिबंधित सामान को एक गुलाबी रंग के ट्रॉली बैग के अंदर कथित तौर पर छिपाकर रखा था। विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जब इसकी जांच की गई तो प्रथम दृष्टया यह पदार्थ गांजा प्रतीत हुआ। विभाग के अनुसार, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और 7.77 करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया गया।

# साकेत कोर्ट में दिव्यांग कर्मचारी ने बिल्डिंग से कूदकर दी जान

### सुसाइड नोट में काम का ज्यादा दबाव बताया कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



साकेत कोर्ट परिसर में शुक्रवार को एक कर्मचारी ने बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान हरिश सिंह महार के रूप में हुई है। वह कोर्ट में अहलमद पद पर तैनात था। अहलमद अदालती रिकॉर्ड और केस फाइलों की देखरेख करने वाला क्लर्क होता है। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उन्होंने कार्यालय के काम के दबाव के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी है।

पुलिस के अनुसार सुबह करीब 10 बजे सूचना मिलते ही पुलिस टीम साकेत कोर्ट परिसर पहुंची और इलाके बॉडी का पंचनामा कर मोर्चरी भिजवाया। सहकर्मियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए गये हैं। मृतक के पास से अंग्रेजी में लिखा एक सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसमें लिखा था कि मेरा नाम हरिश सिंह महार है। आज मैं कार्यालय के काम के दबाव के कारण आत्महत्या कर रहा हूं। मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं, इसके लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं है। जब से मैं अहलमद बना हूं, तब से मेरे मन में आत्महत्या के विचार आ रहे थे। मैंने अपने आत्महत्या के विचार किसी के साथ साझा नहीं किए। मुझे लगा था कि मैं इन विचारों पर काबू पा लूंगा, लेकिन मैं असफल रहा। नोट में आगे लिखा था, 'मैं 60 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति हूं और यह नौकरी मेरे लिए बहुत कठिन है और मैं दबाव के आगे टूट गया। जब से मैं अहलमद बना हूं, मुझे नींद नहीं आ रही है और मैं बहुत ज्यादा सोचने लगा हूं। अगर मैं समय से पहले सेवानिवृत्ति भी ले लूं, तो मुझे अपनी बचत या पेंशन 60 वर्ष की उम्र में ही मिलेगी, इसलिए आत्महत्या ही एकमात्र विकल्प है। मैं उच्च न्यायालय से अनुरोध करता हूं कि दिव्यांग व्यक्ति को हल्का कार्य दिया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी मेरी तरह पीड़ित न हो। एक बार फिर मैं दोहराता हूं कि मेरी आत्महत्या के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं है। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट की जांच की जा रही है। सभी तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद साकेत कोर्ट परिसर के बाहर कोर्ट स्टाफ और वकीलों ने प्रदर्शन किया।

# सर्दी की पहली हल्की बारिश से ठंडी सुबह से कंपकपाई दिल्ली, न्यूनतम पारा 4.6 डिग्री दर्ज, कोल्ड डे बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सर्दियों के इस सीजन की पहली हल्की बारिश के चलते सबसे अधिक ठंडी सुबह दर्ज हुई जिससे दिल्ली कंपकपा गई। कडाके की ठंड और शीतलहर के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। जबकि दिन में दोपहर को कुछ समय के लिए निकली सूरज की गुनगुनी धूप ने लोगों को कुछ हद तक राहत दी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम पारा लुढ़ककर 4.6 डिग्री सेल्सियस रह गया जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है। वहीं दिन का अधिकतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक है। वहीं कड़ाके की सर्दी, हल्की बारिश के साथ ही कई क्षेत्रों सुबह घने कोहरे ने लोगों की परेशानी को बढ़ाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। आईएमडी के अनुसार सुबह छह बजे से ही दक्षिण पूर्वी व पश्चिमी दिल्ली के कई क्षेत्रों में हल्की वर्षा शुरू हो गई थी। जिसकी वजह से सुबह काम पर जाने वालों को काफी परेशानी हुई। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले चार व पांच दिसंबर को सबसे कम 5.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था। आईएमडी ने ताजा अनुमान में कहा कि अभी शनिवार व रविवार को लगभग मौसम ऐसा ही रह सकता है। खासकर वीकेंड यानी रविवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री के आसपास रहने व शीतलहर का प्रकोप लोगों की परेशानी को और बढ़ाने वाली साबित हो सकती है।

### सर्दियों में बिजली की मांग ने बनाया नया रिकॉर्ड, 6 हजार मेगावाट के पार हुआ आंकड़ा दर्ज

नई दिल्ली। सर्दियों के मौसम में बिजली की मांग का दिल्ली वालों ने शुक्रवार को पुराना एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया इतिहास बना दिया है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार 9 जनवरी 2026 शुक्रवार को सुबह 10.39 बजे 6087 मेगावाट बिजली की खपत दर्ज हुई। यह मांग सर्दियों के मौसम में अब तक की सबसे ज्यादा बिजली खपत की मांग के में दर्ज हुई है। जबकि इससे महज दो दिन पहले यानी 6 जनवरी 2026 मंगलवार को 5816 मेगावाट बिजली की खपत दर्ज करते हुए नया रिकार्ड बनाया था। जबकि गत वर्ष 2024 में दिल्ली ने 5655 मेगावाट बिजली मांग का नया रिकॉर्ड दर्ज किया था। वहीं 2023 में सर्दियों के सीजन में उस दौरान सबसे अधिक बिजली की मांग का रिकॉर्ड 5526 मेगावाट दर्ज हुआ था। गौर करें तो एक जनवरी से अभी तक मांग बढ़ती ही गई है।

# डिजिटल अरेस्ट : बुजुर्ग से करीब एक करोड़ की धोखाधड़ी में पांच पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ 'इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस' टीम ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर लगभग एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले निजी बैंक के दो कर्मचारियों सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में प्रदीप कुमार (40), नमनदीप मलिक (23), शशिकांत पटनायक (36) व निजी बैंक की शाखा के दो अधिकारी नीलेश कुमार (38) और चंदन कुमार (38) शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कानून प्रवर्तन और केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी बनकर 80 वर्षीय पीड़ित को निशाना बनाया था। बुजुर्ग तथा उनकी पत्नी को सात दिनों तक 'डिजिटल अरेस्ट' रखा गया। जालसाजों ने पहले बुजुर्ग से 'व्हाट्सएप' पर संपर्क किया। खुद को दूरसंचार और जांच एजेंसियों के अधिकारी बताया तथा झूठा दावा किया कि उनका मोबाइल नंबर और आधार कार्ड अवैध गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ित को अपनी सावधि जमा समय से पहले तुड़वा देने, अपनी पूरी बचत अंतरित कर देने और यहां तक कि सोने पर ऋण लेने के लिए मजबूर किया गया। आरोपियों ने उसे भरोसा दिलाया था कि तथाकथित सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पैसा वापस कर दिया जाएगा। गिरोह ने बुजुर्ग से 96 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। पिछले साल चार नवंबर को आईएफएसओ थाने में 'ई-एफआईआर' दर्ज कराए जाने के बाद जांच शुरू की गई थी। आरोपियों में से एक प्रदीप कुमार हरियाणा के हिसार में पाया गया। आरोपी नमनदीप मलिक को भी हिसार से गिरफ्तार किया गया। तीसरे आरोपी शशिकांत पटनायक (36) को ओडिशा के भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया गया। जांच में पश्चिमी दिल्ली स्थित एक निजी बैंक की शाखा के दो अधिकारियों नीलेश कुमार (38) और चंदन कुमार (38) की संलिप्तता का भी पता चला और उन्हें अरेस्ट कर लिया गया।

# पैन इंडिया साइबर इन्वेस्टमेंट फ्रॉड रैकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने मल्टी लेयर्ड पैन इंडिया साइबर इन्वेस्टमेंट फ्रॉड रैकेट का भंडाफोड़ किया है। केस में तीन और लोगों की गिरफ्तारी से आंकड़ा सात हो गया है। इनकी गिरफ्तारी से आगे के मनी ट्रेल का विश्लेषण किया जा रहा है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार पकड़े गये तीन आरोपियों के नाम आरिफ सैयद, समर सैनी और मोहम्मद रेहान अनुमी है। दरअसल यह मामला एक ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से संबंधित है, जिसमें शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप आधारित फर्जी ट्रेडिंग ग्रुप और एक फर्जी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से काल्पनिक आईपीओ और ट्रेडिंग योजनाओं में पैसे निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया था। कुल 27.20 लाख की धोखाधड़ी की गई थी। जांच के दौरान केस में पहले चार आरोपी मयूर मारुति सानस, गौरव जाधव, मोहम्मद यूसुफ अली और मोहम्मद अबरार खान को गिरफ्तार किया गया था। इन पर म्यूल खातों को संचालित करने और सुविधा देने का आरोप था। नेक्सस इन ब्रॉडबैंड कंपनी का चालू खाता भी जालसाजों ने इस्तेमाल किया था। इसमें शिकायतकर्ता से 14 लाख प्राप्त हुए थे।

### विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र ने बलिदान दिवस के अवसर पर राजा नाहर सिंह को की पुष्पांजलि अर्पित

**नई दिल्ली।** 1857 के विद्रोह में राजा नाहर सिंह ने साहसिक और निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध दृढ़ प्रतिरोध किया और अंततः राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी राजा नाहर सिंह को दिल्ली विधानसभा में उनके शहीद दिवस अथवा बलिदान दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कही। गुप्ता ने कहा कि राजा नाहर सिंह का बलिदान हमारी सामूहिक राष्ट्रीय स्मृति को निरंतर प्रेरित करता रहा है। उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली तथा अन्य अनेक क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए हैं। जैसा कि कहा जाता है कि शहीदों के चिताओं पर मेले लगते हैं, यही सतत स्मरण उन वीरों की सच्ची पहचान है जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। बल्लभगढ़ के अंतिम शासक राजा नाहर सिंह के जीवन एवं बलिदान को स्मरण करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व करते समय राजा नाहर सिंह मात्र 32 वर्ष के थे। उन्होंने औपनिवेशिक सत्ता के आगे झुकने से इनकार किया और ब्रिटिश प्रभुत्व के विरुद्ध दृढ़तापूर्वक खड़े रहे। अंततः 9 जनवरी 1858 को उन्हें चांदनी चौक में फांसी दी गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम कुमार** पुत्र गोकुलराम, निवासी- झुग्गी नंबर D-5/3 जेजे कैंप ओखला, फेज II, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 739/2021 धारा 457/380/411/34 भा.द.स, थाना ओखला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **राम कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **राम कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 739/2021 धारा 457/380/411/34 भा.द.स, थाना ओखला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री आकांक्षा गौतम**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
दक्षिण पूर्व कमरा नंबर 513
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/340/SE/2026

### भीड़भाड़ वाली जगह पर मिलेगी राहत

# एलजी के निर्देश पर पुलिस ने शुरू की बॉक्स पार्किंग सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की भीड़ भाड़ वाली जगहों पर वाहन खड़ा करने की समस्या का हल करने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के निर्देश पर दिल्ली पुलिस ने अलग अलग 56 स्थानों पर बॉक्स पार्किंग की शुरुआत की है। इस बारे में उपराज्यपाल सचिवालय द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि यह खास तरह की बाक्स पार्किंग लोगों को भीड़भाड़ वाली जगह वाहन खड़ा करने के लिए मददगार साबित होगी। सचिवालय के अनुसार दिल्ली पुलिस ने शुरुआत में शामिल चांदनी चौक, कमला नगर मार्केट, विकास मार्ग, नेताजी सुभाष प्लेस, गांधी नगर, पुस्ता रोड, रोहिणी, मालवीय नगर, द्वारका और यूसुफ सराय आदि जैसे अन्य अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बाक्स पार्किंग सेवा शुरू की है। इन बाक्स पार्किंग स्थलों में लगभग 3000 गाड़ियां खड़ी की जा सकेंगी। जानकारी अनुसार इससे सुचारू यातायात व्यवस्था से वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने, व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने, यातायात की सुगमता बढ़ाने और एम्बुलेंस एवं अग्निशमन जैसे आपातकालीन वाहनों की निर्बाध आवाजाही में मदद मिलेगी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर, उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को समस्या वाले क्षेत्रों की पहचान करने और उसके अनुसार यातायात की समस्या को दूर करने के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान बनाने का निर्देश दिया था। जिसके बाद पुलिस ने सड़कों पर बाक्स पार्किंग की व्यवस्था की है। इससे जहां लोगों को वाहन खड़ा करने के लिए जगह मिलेगी वहीं भीड़ फंसने से होने वाले प्रदूषण को कम करने और इन मार्गों पर सुचारू यातायात सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी। पुलिस द्वारा चिन्हित सड़कों में से 46 लोनिवि, 4 डीडीए, 3 एमसीडी और 3 अन्य विभागों के अंतर्गत आती हैं। इन 56 स्थानों में से 14 स्थान पूर्वी जिले में, 11 उत्तरी जिले में, 10 दक्षिणी जिले में, 9 मध्य जिले में और 6-6 स्थान पश्चिमी और नई दिल्ली जिले में चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों में विकास मार्ग, मयूर विहार फेज-II, वजीराबाद रोड, अंसारी रोड, गांधी नगर पुस्ता रोड, चांदनी चौक बाजार (फतेहपुरी मस्जिद से सदर थाना तक), कैलाश कॉलोनी, कमला नगर बाजार, एनएसपी से मधुबन चौक तक, लिबासपुर से मुकरबा चौक तक, पूर्वी रोहिणी से पश्चिमी रोहिणी मेट्रो स्टेशन तक, सेक्टर 4 द्वारका से सेक्टर 12 द्वारका तक, लोहा मंडी टी-पॉइंट, मालवीय नगर, नजफगढ़ रोड, यूसुफ सराय, ओखला आदि शामिल हैं। सड़कों पर चिह्नित पार्किंग बॉक्स व्यवस्थित पार्किंग, सुचारू यातायात, जगह का अधिकतम उपयोग, अधिक सुरक्षा, प्रवर्तन में आसानी, ड्राइवरों का मार्गदर्शन, आपात स्थिति में एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस की गाड़ियों के लिए निर्बाध आवाजाही, शहर को सुंदर बनाने और समग्र रूप से प्रदूषण कम करने में मदद करेंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 21 जनवरी 2026 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी **अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच** https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली-बुराड़ी | |
| 401457000055 | नम्रता कुमारी |
| शाखा का नाम : दिल्ली-द्वारका सेक्टर-3 | |
| 539305000057 | रामप्रकाश राय |
| शाखा का नाम : दिल्ली-द्वारका सेक्टर-20 | |
| 235757000025 | राजन नाथ जायसवार |
| शाखा का नाम : दिल्ली- नांगलोई | |
| 235457000029 | ममता गौर |
| 235457000032 | ममता गौर |
| शाखा का नाम : दिल्ली-कुतब इंस्टीट्यूशन एरिया | |
| 410957000016 | सुश्री संगीता साहू |
| शाखा का नाम : दिल्ली-कालकाजी | |
| 663162601375 | प्रीति |
| शाखा का नाम : दिल्ली कैंट | |
| 182262000388 | विनोद कुमार चौहान |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली-लाजपत नगर -4 | |
| 071457000023 | मिथिलेश कुमार चौधरी |
| शाखा का नाम : दिल्ली-महावीर एंक्लेव | |
| 182157000038 | शिशुपाल सिंह तोमर |
| शाखा का नाम : दिल्ली-महीपालपुर | |
| 347462001504 | राकेश कुमार झा |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-भोगल | |
| 165005002862 | रूबिना खातून |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-कम्युनिटी सेंटर | |
| 004657000412 | साना खान |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-ग्रीन पार्क | |
| 007162011231 | नवीन नवीन |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-जसौला विहार | |
| 113457000072 | शादाब मलिक |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-कीर्ति नगर-2 | |
| 112862001724 | मोहम्मद इकलीम |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-नजफगढ़ | |
| 071362002130 | महेश कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-रोहिणी | |
| 629862026455 | सुमित गुप्ता |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-साकेत | |
| 017162010629 | गुल्लीपल्ली सिवा कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-सुंदरनगर | |
| 040057000012 | संदीप कुमार |
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362005168 | पारस पारस |
| शाखा का नाम : बहादुरगढ़ | |
| 046162001290 | अरविंद कुमार |
| 046162002062 | बाला बाला |
| शाखा का नाम : लुधियाना-धनदारी कलां | |
| 366362000651 | परतोष कुमार झा |
| शाखा का नाम : रूद्रपुर-यू.एस.नगर | |
| 160062002129 | संजय कुमार |

दिनांक : 10.01.2026
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली, साउथ-ईस्ट दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, नजफगढ़

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

CBC 47107/13/0017/2526
इवेंट को लाइव देखने के लिए DD News पर जाएं या QR कोड स्कैन करें
विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026
09-12 जनवरी | भारत मंडपम, नई दिल्ली
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
से यंग लीडर्स का संवाद
प्रधानमंत्री जी करेंगे युवा नेतृत्व को संबोधित
दिनांक : 12 जनवरी 2026 | समय : सायं 04:00 बजे
स्थान : भारत मंडपम, नई दिल्ली


## पांचवें दिन भी हंगामे से हुई शीतकालीन सत्र की शुरुआत

# विपक्ष के चार सदस्य शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन की शुरुआत भी हंगामे से हुई। शुक्रवार को सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के सदस्य संजीव झा, कुलदीप कुमार, सोमदत्त और जरनैल सिंह सदन में तख्ती लेकर आए और अध्यक्ष से मंत्रियों और सत्ता पक्ष के सदस्यों को विपक्ष की नेता आतिशी द्वारा गुरु तेग बहादुर के कथित अपमान से संबंधित एक वीडियो साझा करने वाले अपने सोशल मीडिया पोस्ट हटा देने की मांग की।

अध्यक्ष ने कहा कि यह समय विशेष उल्लेख के नियम 280 के लिए रखा गया है। इस समय सदन को चलने में व्यवधान डालना गलत है। इस पर विपक्ष के ये चारो सदस्य सदन में पोस्टर लेकर हंगामा करने लगे। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन की कार्यवाही में 'बाधा डालने' के आरोप में शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के चार विधायकों को निलंबित कर दिया। गुप्ता ने एक बयान में कहा कि सदन की कार्यवाही में लगातार बाधा डालने और इसकी मर्यादा का उल्लंघन करने के कारण विपक्षी सदस्य (आप) सोम दत्त, जरनैल सिंह, संजीव झा और कुलदीप कुमार को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए सदन से निलंबित किया जाता है।

इसके बाद विपक्ष के अन्य सदस्यों ने सदन का बहिष्कार कर दिया। विपक्षी सदस्यों के सदन से बाहर जाने के बाद सदन में विशेष उल्लेख के तहत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के मुद्दे उठाए। विशेष उल्लेख के बाद जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सदन में पेयजल आपूर्ति के संबंध में अपना वक्तव्य दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने सदन में वित्त वर्ष 2025-26 हेतु अनुपूरक अनुदान मांगों का पहला भाग प्रस्तुत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विनियोजन (संख्या 1) विधेयक, 2026 (2026 का विधेयक संख्या 4) को सदन में रखा। जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी भाग लिया।

इसके बाद सदस्य मोहन सिंह बिष्ट और अभय वर्मा ने सदन में प्रस्ताव रखा कि यह सदन दिनांक 6 जनवरी 2026 को सदन में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के तीसरे प्रतिवेदन से सहमत है। वहीं सदस्य प्रद्युम्न सिंह राजपूत और अभय वर्मा ने सदन में दूसरा प्रस्ताव रखा कि यह सदन दिनांक 6 जनवरी 2026 को सदन में प्रस्तुत विशेषाधिकार समिति के प्रथम प्रतिवेदन से सहमत है। इन दोनों प्रतिवेदनों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। वहीं विधायी कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने प्रस्ताव रखा कि दिनांक 6 जनवरी, 2026 को सदन में पुरःस्थापित 'न्यायालय शुल्क (दिल्ली संशोधन)विधेयक, 2026 (वर्ष 2026 का विधेयक संख्या 1) पर विचार किया जाए। जिसके बाद इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया गया।

वहीं विधायी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सदन में 'दिल्ली जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2026 सदन में रखा। वहीं मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली दुकान और प्रतिष्ठान संशोधन विधेयक 2026 को सदन में रखा। जिसके बाद इन दोनों विधेयकों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद मंत्री आशीष सूद ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सदन में अपना वक्तव्य दिया और अंत प्रदूषण पर चर्चा की गई।

## विपक्ष के सदस्यों ने पैदल मार्च कर अध्यक्ष की कार्यवाही का किया विरोध




**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को विपक्ष के सदस्यों को निलंबित करने के बाद सभी विपक्षी सदस्यों ने सदन का बहिष्कार कर दिया। इसके बाद विरोध के रूप में आप' विधायक दल के चीफ व्हिप समेत अन्य विपक्षी सदस्यों ने पैदल मार्च निकाल कर गांधी प्रतिमा तक पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। संजीव झा ने कहा कि विपक्ष ने सिर्फ भाजपा विधायकों पर फर्जी वीडियो प्रसारित करने पर रोक लगाने की मांग की थी, इतने में ही स्पीकर ने हमें बाहर निकाल दिया। दिल्ली के प्रदूषण, गंदे पानी, बिगड़ी कानून व्यवस्था और बदहाल रैन बसेरों पर बात ना हो।

इससे बचने के लिए कपिल मिश्रा ने गुरु साहिब का अपमान किया। इस कुकृत्य के लिए कपिल मिश्रा को बर्खास्त किया जाना चाहिए। संजीव झा ने कहा कि पिछले दो दिनों से भाजपा एक फर्जी वीडियो चलाकर खुद ही सदन की कार्यवाही को स्थगित कर रही है। गुरुवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने कहा था कि वे इस वीडियो को 15 दिनों के लिए फॉरेंसिक लैब भेज रहे हैं।

हमने तब भी भी मांग की थी और आज भी यही कहा कि अगर वीडियो जांच के लिए भेजा जा रहा है, तो भाजपा के मंत्रियों और विधायकों को उस वीडियो को चलाने से रोका जाना चाहिए। मेरे इतना कहते ही मुझे स्पीकर द्वारा सदन से बाहर निकाल दिया गया। जब बाकी 'आप' विधायकों ने भी इस मुद्दे को उठाया और कहा कि हम वॉकआउट कर रहे हैं, तो इसके बावजूद उन्हें मार्शल आउट करके बाहर कर दिया गया।

### दिल्ली के मंत्री पर एफआईआर दर्ज का मामला सदन ने लिया संज्ञान

प्रदूषण के मुद्दे पर चर्चा के दौरान भाजपा दल के चीफ व्हिप अभय वर्मा ने सदन में सूचित किया कि पंजाब के जालंधर पुलिस ने मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की है। जो इस सदन की विशेषाधिकार हनन है। इस मामले को अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने तुरंत संज्ञान में लिया और अध्यक्ष ने इस पर कहा कि अभय वर्मा द्वारा उठाया गया यह मामला इस सदन की विशेषाधिकार हनन से संबंधित है। जिस वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है, वह सदन के भीतर की रिकॉर्डिंग है और सदन की संपत्ति है। इस वीडियो पर इस प्रकार कार्रवाई करना तथा मंत्री के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करना गंभीर विषय है। इस संबंध में जालंधर के पुलिस कमिश्नर के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का सीधा मामला बनता है। सदन के भीतर की रिकॉर्डिंग केवल सदन की होती है, किसी अन्य की नहीं।

### कांग्रेस ने की सीएम से विधानसभा सत्र का खर्चा वसूलने की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा सत्र में पांचों दिन हुए हंगामे को देखते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मांग की है कि सत्र की कार्रवाई पर हुआ पूरा खर्च मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से वसूला जाए। भाजपा विधायकों ने सदन में जमकर हंगामा किया, जबकि बाहर भी आप पार्टी के विधायकों के साथ हंगामा ही करते रहे। यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी वास्तविकता में दिल्ली के विकास के पक्ष में नही है। यही कारण है कि आज विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवे दिन भी सदन की कार्यवाही की शुरुआत हंगामें से हुई। भाजपा व आम आदमी पार्टी विधानसभा सदन सहित दिल्ली नगर निगम सदन और सदन से बाहर सड़कों पर एक दूसरे के खिलाफ हंगामा करती रही जिसके कारण दिल्ली की जानता की खून पसीने की कमाई को उन्होंने बर्बाद कर दिए।

### धरने में नहीं, करने में विश्वास रखने वाली है हमारी सरकार: रेखा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि हमारी सरकार धरने में नहीं, करने में विश्वास रखने वाली सरकार है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि उपराज्यपाल का अभिभाषण कोई संसदीय रस्म अदायगी नहीं है, बल्कि यह उस नए गवर्नेंस मॉडल का रोडमैप है, जिसमें दिल्ली को टकराव की राजनीति से निकालकर समन्वय, जवाबदेही और परिणाम आधारित शासन की ओर ले जाया जा रहा है।

### गंदे पानी और लीकेज की समस्या पिछली सरकारों की वर्षों की उपेक्षा, अनिर्णय और देरी का है परिणाम : प्रवेश



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जल आपूर्ति पर विस्तृत और तथ्यात्मक वक्तव्य देते हुए स्पष्ट किया कि राजधानी में गंदे पानी, पाइपलाइन लीकेज और अनियमित आपूर्ति की समस्या किसी एक दिन की नहीं, बल्कि पिछली सरकारों की वर्षों की उपेक्षा, अनिर्णय और देरी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड, भारत सरकार के सहयोग से, हर घर तक स्वच्छ, समान और निरंतर 24 घंटे जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन वर्तमान सरकार को एक जर्जर और उपेक्षित जल ढांचा विरासत में मिला है। हमने कोई समस्या नहीं बनाई, हमने समस्या विरासत में पाई है।लेकिन फर्क यह है कि हम जिम्मेदारी से भाग नहीं रहे, समाधान दे रहे हैं। जल मंत्री ने सदन को बताया कि दिल्ली में कुल 16,000 किलोमीटर जल पाइपलाइन नेटवर्क में से 5 हजार 200 किलोमीटर से अधिक पाइपलाइन 30 साल से ज्यादा पुरानी हैं और 2 हजार 700 किलोमीटर पाइप लाइन 20–30 साल पुरानी हैं। इसके कारण जगह-जगह रिसाव, पाइप फटना, दूषित पानी और 55 प्रतिशत तक नॉन-रेवेन्यू वाटर की हानि हो रही है। जब पाइप 30 साल पुराने हों, तो पानी नहीं, समस्या बहती है।

## सूद ने नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव 2026 का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** आज के छात्र 'विकसित भारत' के शिल्पकार हैं और यह महोत्सव एक परिवर्तनकारी 'कैंपस से मार्केट' आंदोलन की शुरुआत है। यह बात शुक्रवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी) के परिसर में दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव 2026 का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कही। शिक्षा मंत्री सूद ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार छात्र उद्यमिता को बढ़ावा देने और दिल्ली को भारत की स्टार्टअप राजधानी के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सूद ने कहा कि एनएसयूटी जैसे संस्थान केवल शैक्षणिक शिक्षा के केंद्र नहीं हैं, बल्कि नवाचार और राष्ट्र निर्माण के सशक्त केंद्र हैं। मंत्री सूद ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत में केवल तीन यूनिकॉर्न थे और स्टार्टअप इकोसिस्टम सीमित था। आज भारत में लगभग 125 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 366 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इसके साथ ही देश में 1.97 लाख से अधिक डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने इस परिवर्तन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'नीतिगत ठहराव' से 'नीतिगत कार्रवाई' की ओर हुए निर्णायक बदलाव को दिया।



## सीएम ने रामभक्तों के जत्थे को अयोध्या धाम के लिए किया रवाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राजनिवास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री जनसेवा सदन से रामभक्तों को प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। दिल्ली से अयोध्या की ओर प्रस्थान करने वाली इस यात्रा में लगभग 35 से 40 रामभक्त शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा भक्ति, श्रद्धा और सनातन मूल्यों से ओतप्रोत है। प्रभु श्रीराम की दर्शन यात्रा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ करती है। इन सभी रामभक्तों को वाल्मीकि चौधरी सरपंच समिति की ओर से अयोध्या के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी श्रद्धालु अत्यंत सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें नव वर्ष के पहले ही महीने में प्रभु श्रीराम के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करना, उनके भव्य मंदिर में जाकर उनके चरणों में बैठना और अयोध्या नगरी की गलियों, कूचों और मंदिरों का दर्शन करना अपने आप में ही अलौकिक अनुभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण भारत की सनातन आत्मा को उसका स्वाभिमान लौटाने वाला एक ऐतिहासिक कार्य है। यह भव्य मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था की मर्यादा, परंपरा की प्रतिष्ठा और राष्ट्रचेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

## गुरुद्वारा कमेटी ने आतिशी के खिलाफ दिल्ली पुलिस से की शिकायत

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी की परेशानियां बढ़ सकती है। क्योंकि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिख गुरु साहिबानों के खिलाफ बोलने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपों के साथ आतिशी मार्लेना के खिलाफ पुलिस में आपराधिक शिकायत दर्ज करवा दी है। इस बारे में कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि आतिशी मार्लेना द्वारा सिख गुरुओं के खिलाफ बोलने और भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में उनके खिलाफ नॉर्थ एवेन्यू पुलिस थाने में आपराधिक शिकायत दर्ज करवाई है। इस शिकायत में मांग की गई है कि आतिशी मार्लेना द्वारा जानबूझकर और सोच-समझकर गलत बयानबाजी की है। इसलिए सिख गुरु साहिबानों के खिलाफ नफरत फैलाने के चलते कानून के अनुसार आतिशी पर आपराधिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि आतिशी ने यह बयान उस समय दिया जब दिल्ली विधानसभा में सिख गुरु साहिबानों के सम्मान से संबंधित चर्चा चल रही थी। शिकायत के साथ सबूत के तौर पर वीडियो भी सौंपा गया है।

## भाजपा ने 'आप' कार्यालय पर किया विशाल रोष प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- जब तक आतिशी माफी नहीं मांग लेती, जारी रहेगा संघर्ष : भाजपा

दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना द्वारा सिख गुरू तेग बहादुर साहिब के अपमान के विरोध में आम आदमी पार्टी कार्यालय पर विशाल रोष प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में दिल्ली भाजपा के सिख प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा नेताओं कमलजीत सहरावत, योगेन्द्र चांदोलिया, विष्णु मित्तल, सरदार आर.पी. सिंह, रमेश बिधूड़ी, आदेश गुप्ता, सरदार चरणजीत सिंह आदि ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित किया और कहा जब तक नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना सार्वजनिक रुप से माफी नहीं मांगती तब तक भाजपा का प्रदर्शन जारी रहेगा।

राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के इशारे पर चाहे पंजाब में भगवंत मान हो या दिल्ली में आतिशी हो, दोनों लगातार सिख गुरुओं का सिख धर्म का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक मंचों पर सिख धार्मिक प्रतीकों और परम्पराओं का इस तरह अपमान केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सिख समाज की भावनाओं को जानबूझकर आहत करने का गंभीर प्रयास है।

भाजपा कार्यकर्ता विंडसर प्लेस पर एकत्र हुए और वहां से आतिशी मार्लेना के इस्तीफे और अरविंद केजरीवाल एवं सरदार भगवंत मान से माफी मांगने के नारे लगाते मार्च करते हुए आम आदमी पार्टी कार्यालय की ओर बढ़े पर कार्यालय से कुछ पहले फिरोजशाह रोड़-माधवराव सिंधिया मार्ग रेड लाइट के समीप भारी बैरिकेड्स लगा कर दिल्ली पुलिस ने बलपूर्वक भाजपा कार्यकर्ताओं को रोका, और फिर कुछ देर बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया।

## सदन में भेड़ बकरी कहने और माफी मांगने पर महापौर कक्ष का किया घेराव

# एमसीडी की सदन बैठक में 'निंदा प्रस्ताव' और 'भेड़ बकरी' पर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सदन बैठक शुक्रवार को आरोप - प्रत्यारोप के राजनीति में उलझकर जोरदार हंगामे के बीच स्थगित हो गई। हंगामे के बीच ही प्रस्तावों को पारित कर दिया गया। बता दें कि शुक्रवार को महापौर राजा इकबाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई।

शौक प्रस्ताव पढ़ने के बाद दिवंगत आत्माओं को शांति दी गई। इसके बाद महापौर सिंह ने नेता सदन प्रवेश वाही को निंदा प्रस्ताव पढ़ने की बात कही और जैसे ही नेता सदन ने दिल्ली विधानसभा की नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना द्वारा गुरुओं का अपमान किए जाने पर निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया तो दोनों पक्षों यानी सत्तापक्ष और विपक्ष की तरफ से हाथों में नारे लिखी तख्तियां उठाते हुए जमकर एक दूसरे के विरोध में नारेबाजी शुरू हो गई। भाजपा पार्षदों के हाथ में 'आतिशी मार्लेना हाय हाय, सिख गुरूओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान ' तख्तियां थीं तो वहीं आम आदमी पार्टी पार्षदों के हाथ में 'बीजेपी वालो शर्मा करो, कपिल मिश्रा इस्तीफा दो ' लिखीं तख्तियां थी। इस दौरान महापौर सिंह सदन में बार बार शांति बनाए रखने और अपनी अपनी सीटों पर बैठने का निवेदन किया लेकिन पार्षद जब नारेबाजी से नहीं रुके तो महापौर ने हंगामेदार बैठक को दस मिनट के लिए स्थगित कर दिया।

### महापौर ने मांगी माफी

दस मिनट बाद फिर जैसे ही महापौर सदन बैठक में पहुंचे तो कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने अपना पक्ष रखने की बात हुई। इस दौरान महापौर ने कहा कि सदन नियमों के तहत चलता है न कि भेड़ बकरियों की तरह, महापौर ने सभी दलों से चर्चा के लिए नाम मांगने शुरू किए। इसी दौरान भेड़ बकरी वाले शब्दों पर घिरता देख महापौर ने अपने शब्द वापिस लिए और माफी भी मांगी लेकिन कांग्रेस और आप पार्षदों ने फिर से जोरदार हंगामा शुरू कर दिया और महापौर कार्यालय के प्रवेश द्वार का घेराव कर इस्तीफे की मांग शुरू कर दी।




### सदन में नजर नहीं आया एक भी मार्शल

जिस समय महापौर अपने सभा कक्षा में प्रेसवार्ता कर रहे थे तभी बाहर से दरवाजा तोड़ने के प्रयास हुए। इसे देखते हुए महापौर सिंह ने पुलिस कॉल करने के निर्देश दिए और प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए जिसके कुछ समय बाद इंस्पेक्टर स्तर का एक अधिकारी आया। वहीं, बता दें कि महापौर की सुरक्षा के लिए सदन में एमसीडी द्वारा मार्शलों की व्यवस्था है लेकिन मार्शल भी नजर नहीं आए। जिसे लेकर एमसीडी में एडीसी के. के. बरमन ने महापौर की सुरक्षा मामले में जांच करने की बात कही है।

## खबर संक्षेप

### आरोपी को क्राईम ब्रांच की टीम ने दबोचा



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी अहमद हुसैन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि टीम ने अहमद हुसैन निवासी संत नगर ओल्ड फरीदाबाद को रेलवे स्टेशन रोड सेक्टर-17 के पास से काबू कर एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। खिलाफ थाना सेक्टर-17 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### 10 लाख रुपए की ठगी तीन गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुये स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 10,00,098 रुपए की ठगी करने के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर 85 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक लिंक आया, जिसमें स्टॉक मार्केट में निवेश के बारे बताया गया था।

### सर्दी के मौसम में रखे हृदय का खास ख्याल



**फरीदाबाद।** बदलते मौसम में हृदय रोगियों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। कुछ खास सावधानियां बरत कर हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है। यूनिवर्सल अस्पताल में आयोजित चिकित्सा संगोष्ठी में चेयरमैन डा. शैलेश जैन ने स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी दी। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. शैलेश जैन ने कहा कि इस मौसम में हृदय रोगियों को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कि मौसम का असर खासतौर पर पुराने हृदय रोगियों पर तेजी से पड़ता है।

# स्वामी हरिदास–तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ

**शास्त्रीय सुरों और नृत्य की गरिमामयी प्रस्तुति से सजी पहली संध्या**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

27वें स्वामी हरिदास–तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव का शुभारंभ एक खचाखच भरे सभागार और शास्त्रीय रस से सराबोर वातावरण में हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतिष्ठित महोत्सव के पहले दिन भारत के प्रख्यात शास्त्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। उद्घाटन संध्या में पं. विश्वमोहन भट्ट और पं. सलील भट्ट (मांगणियार कलाकारों के साथ), उस्ताद शुजात ख़ान तथा विदुषी अश्विनी भिड़े देशपांडे की यादगार प्रस्तुतियाँ रहीं। महोत्सव का आरंभ एक दुर्लभ और प्रभावशाली जुगलबंदी से हुआ, जिसमें मोहन वीणा पर पं. विश्वमोहन भट्ट और सात्विक वीणा पर पं. सलील भट्ट ने राजस्थान के मांगणियार लोक कलाकारों के साथ मंच साझा किया।






### केसरिया बालम पधारो म्हारो देश

**राजकोट।** गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात से शुक्रवार अपराह्न के बीच भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.6 से 3.8 के बीच रही। भूकंप के कम से कम 12 झटके महसूस किए गए।भूकंप के कारण राजकोट जिले के तीन तालुकों के लोगों में दहशत फैल गई, जिसके चलते कई लोगों ने एहतियात के तौर पर खेतों में शरण ली।

# यूथ चैलेंज में छात्रों ने काम को मॉडल रूप में दिखाया

## आईआईटी दिल्ली में डिजाइन फॉर भारत यूथ इनोवेशन का आयोजन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली में भारत यूथ इनोवेशन चैलेंज में छात्रों ने काम को मॉडल व प्रोटोटाइप के रूप में दिखाया। आईआईटी दिल्ली में एक राष्ट्रीय चैलेंज के अंतर्गत डिजाइन फॉर भारत यूथ इनोवेशन चैलेंज 2026 प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। 50 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी, इनमें से 19 टीमों का चयन किया गया।

**50** प्रविष्टियां प्राप्त हुई
**19** टीमों का चयन किया गया 18 से 29 वर्ष के युवाओं ने हिस्सा लिया

### दिल्ली राज्य का नोडल संस्थान रहा



आईआईटी दिल्ली डिजाइन फॉर भारत प्रतियोगिता के लिए दिल्ली राज्य का नोडल संस्थान रहा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के तहत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा डिजाइन फॉर भारत की शुरुआत हुई।

### वास्तविकताओं पर आधारित समाधान डिजाइन किया

प्रतियोगिता में 18 से 29 वर्ष के युवाओं ने हिस्सा लिया। इसमें उन्हें भारत की वास्तविकताओं पर आधारित समाधान डिजाइन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसका मकसद टीम वर्क, एवं आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हुए नवाचारों को बढ़ावा देना रहा।

### समझौता पत्र पर हुए हस्ताक्षर

इस समझौता पत्र पर 8 जनवरी को टीईसी के उप महानिदेशक (मोबाइल टेक्नोलॉजीज) अमित कुमार श्रीवास्तव तथा आईआईटीके के डीन प्रो. तरुण गुप्ता ने हस्ताक्षर किए, जिनके समक्ष आईआईटी के के निदेशक प्रो. मैनिंद्र अग्रवाल, आईआईटी के प्रो. रोहित बुधिराजा, तथा टीईसी के डीडीजी शशि मोहन उपस्थित थे। यह साझेदारी अगली पीढ़ी की टेलीकॉम, मानकीकरण गतिविधियों पर टीईसी औपचारिक ढांचा तैयार करती है।

एलपीयू के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति

# उत्तीर्ण छात्रों को दी डिग्रियों के साथ ही नसीहत भी दी

## ब्रिटेन की पूर्व पीएम ट्रस, राज्यपाल भी रहे साथ

एजेंसी ▶▶ जालंधर



लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में शुक्रवार को आयोजित 12वें दीक्षा समारोह में प्रतिष्ठित मेहमानों का आगमन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन पहुंचे, जिनके साथ यूनाइटेड किंगडम की पूर्व प्रधानमंत्री मैरी एलिजाबेथ ट्रस, राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी थे।

### गोल्ड मेडल के साथ विद्यार्थी सम्मानित

विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गाय। पीएचडी पूर्ण करने वाले शोधार्थियों को भी उपाधियां सौंपकर सम्मानित किया गया राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि संस्कार जरूरी है।केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं, बल्कि जीवन में मानवीय मूल्य भी जरूरी हैं।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में धार्मिक आयोजन

# 500 साधु- संतों ने डमरू बजाकर निकाली शौर्य यात्रा, 'हर-हर महादेव' के नारे गूंजे



एजेंसी ▶▶ सोमनाथ

गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'चल रहा है। 11 जनवरी तक चलने वाले पर्व में अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। शुक्रवार को 500 से अधिक साधु संतों ने डाक डमरू बजाकर शौर्य यात्रा निकाली। 'हर-हर महादेव' के नारों ने सोमनाथ मंदिर में भक्तिमय माहौल बना दिया। गिरनार तीर्थस्थल से शुक्रवार को बड़ी संख्या में साधु-संत भगवान सोमनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। सोमनाथ के शंख चौक से मंदिर तक साधु-संत की शौर्य यात्रा में डमरू की ध्वनि गूंज रही थी। इसी बीच, राज्य के सामाजिक और न्याय अधिकारिता मंत्री प्रद्युम्न वाजा और सांसद राजेश चुडासमा समेत कई लोग संतों की शौर्य रैली में शामिल हुए।

**गिरनार तीर्थ स्थल से पहुंचे साधु- संत**

शंख चौक से मंदिर तक निकाली रैली मंत्री और सांसद भी रहे शामिल



डमरू बजाकर 'हर हर महादेव' के नारे लगाते साधु-संत

### 11 तक होगा 'ओंकार' जाप और भजनः गढ़वी

इस मौके पर साधु पियुदान गढ़वी ने कहा कि यह गुजरात का बेहद अनोखा पर्व है, जो इस समय सोमनाथ में मनाया जा रहा है। यहां शौर्य यात्रा निकाली गई थी। 11 जनवरी तक यहां भजन और 'ओंकार' जाप के साथ सभी को आस्था से जोड़ने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि शौर्य गाथा का गायन होगा। सनातन धर्म सबसे अलग है। यह सभी को अपने साथ लेकर चलता है। हमारे जैसा धर्म कोई नहीं हो सकता है।

### मिनी महाकुंभ जैसा माहौल बनाः महंत भारद्वाज

महंत भारद्वाज नंद गिरी महाराज ने कहा कि सोमनाथ में 'मिनी कुंभ' जैसा माहौल है। यहां 'सोमनाथ स्वाभिमान' पर्व मनाया जा रहा है। हजारों पंडित और साधु-संत कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर हमारी आस्था का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर पर बार-बार हमले हुए, लेकिन यह मंदिर बार-बार उठ खड़ा हुआ।

सोमनाथ मंदिर बना नारी सशक्तिकरण का केंद्र

## 363 महिलाओं को 9 करोड़ का सालाना रोजगार

भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक चेतना के जीवंत प्रतीक सोमनाथ मंदिर को दुनिया श्रद्धा और आस्था के केंद्र के रूप में जानती है। आज यह महिला सशक्तिकरण का सशक्त और प्रेरणादायी केंद्र बनकर उभरा है। यहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की नई दिशा मिली है।

### पवित्र बिल्व वन का संचालन 16 महिलाएं कर रहीं

मंदिर परिसर में स्थित पवित्र बिल्व वन पूरी तरह से महिलाओं के द्वारा संभाला जाता है। यहां 16 महिलाएं पर्यावरण संरक्षण, हरित संवर्धन और स्वच्छता के साथ मंदिर की पवित्रता को बनाए रखती हैं। यह व्यवस्था महिलाओं के कुशल संचालन से हो रही है।

### 30 महिलाएं भोजन सेवा और 65 प्रसाद वितरण कर रहीं

मंदिर के भोजनालय में 30 महिलाओं द्वारा निष्ठापूर्वक सेवा दी जा रही है। ये मंदिर की मानव सेवा परंपरा को जीवंत रखती हैं। प्रसाद वितरण जैसे पवित्र और विश्वास से भरे कार्य में 65 महिलाओं की भागीदारी उनके अनुशासन, समर्पण और विश्वसनीयता है। को दर्शाता है। ट्रस्ट 363 महिलाओं को रोजगार देता है।

कोर्ट से लालू परिवार को बड़ा झटका

# जमीन के बदले नौकरी में आरोप तय, 52 बरी

41 लोगों के खिलाफ आरोप का दिया आदेश




राउज एवेन्यू कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जमीन के बदले नौकरी से जुड़े कथित घोटाले के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, बेटे तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि लालू ने पद का गलत इस्तेमाल किया। यादव परिवार ने रेल अधिकारियों औरी सहयोगियों की मिलीभगत से जमीनें हासिल की। कोर्ट ने 41 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए और 52 लोगों को बरी कर दिया, जिनमें रेल अधिकारी भी शामिल थे।

### 103 थे नामित, 5 की मौत हो चुकी

सीबीआई की चार्जशीट में नामित 103 आरोपियों में से 5की मृत्यु हो चुकी है। अधिवक्ता अजाज अहमद ने कहा कि सीबीआई अदालत ने लालू प्रसाद यादव, मीसा भारती, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और हेमा यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120बी और 13 के तहत आरोप तय किए हैं। आरोप 29 जनवरी को तय किए जाएंगे।

### आरोपियों के नाम

इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **एंथोनी चेकवुबे**, पुत्र नगाममादु, **निवासी:** जीत प्रॉपर्टी के पास, चंदर विहार, दिल्ली, ने **FIR No. 723/2024, U/S 14 Foreigners Act, पुलिस स्टेशन निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **एंथोनी चेकवुबे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **एंथोनी चेकवुबे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 723/2024, U/S 14 Foreigners Act, पुलिस स्टेशन निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **एंथोनी चेकवुबे** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री कोमल गर्ग**
**DP/411/OD/2026** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, पश्चिम जिला,
**(Court Matter)** कमरा नं0 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

शिमला से कुपवी जा रही थी निजी बस

# हिमाचल में बस खाई में गिरी 12 की मौत और 33 अन्य घायल

## हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में दर्दनाक हादसा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शिमला से कुपवी जा रही निजी बस 500 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 33 घायल हो गए। 1बच्ची समेत 4 की हालत नाजुक है। सुबह साढ़े सात बजे बस 45 यात्रियों को लेकर शिमला से कुपवी के लिए निकली थी। करीब 3बजे सिरमौर के हरिपुरधार बाजार से करीब 100 पहले बस अनियंत्रित होकर करीब पांच सौ फीट गहरी खाई में जा गिरी।



हादसे में गिरी बस

### घायलों को कराया भर्ती

सिरमौर उपायुक्त प्रियंका ने बताया कि 12 लोगों की मौत हुई है। 33 घायल हैं, जिन्हें संगड़ाह और ददाहू अस्पतालों में ले जाया गया है। 1 बच्ची को नाहन, जबकि 3 अन्य को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला रेफर किया गया है।

### घना कोहरा बताया जा रहा कारण

कोहरे और पाले के कारण हादसे की आशंका अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की सही वजह अभी साफ नहीं है, लोगों ने बताया है कि जिस जगह हादसा हुआ वहां घना कोहरा था। सड़क पर पाला भी गिरा हुआ था।

### मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हादसे पर गहरा शोक जताया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को हरसंभव सहायता और घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करें।

### मासूम को कार ने कुचला

**जयपुर।** राजस्थान में कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बहरोड़ कस्बे में स्थित एक आवासीय सोसायटी के पार्किंग क्षेत्र में एक कार ने करीब तीन साल के एक बच्चे को शुक्रवार को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना संख्या सीएसपी–केएसएफ_04_2025-26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य अभियंता / टीएसपी, उत्तर रेलवे, मुख्यालय कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–110001 ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से निम्नलिखित निविदा आमंत्रित करते हैं:

| क्रम सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | निविदा दस्तावेज की कीमत (रुपये में) | बयाना राशि (रुपये में) | अनुमानित निविदा मूल्य (रुपये में) | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीएसपी–केएसएफ_03_2025-26 | नॉर्दर्न रेलवे, खालिसपुर–वाराणसी स्थित कंक्रीट स्लीपर प्लांट में दो वर्ष की अवधि के लिए स्टीम कोल बॉयलर का संचालन, धुलाई और रखरखाव, जिसमें स्टीम कोल की व्यवस्था भी शामिल है। | कुछ नहीं | 1,65,000/- | 82,49,028.48 | 04.02.2026 को 15:00 बजे | 24 माह |

**नोटः**– उपरोक्त ई–प्रोक्योरमेंट टेंडर की संपूर्ण जानकारी **"www.ireps.gov.in"** वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**संख्याः सीएसपी–केएसएफ_04_2025-26 दिनांकः 08.01.2026** **99/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पिछले पृष्ठ का शेष...

**Note:- The posts mentioned below were advertised earlier and withdrawn vide notice dated 02.07.2025. The detail of old Advt/Group/Category No. with new category and Group No. given below in the table against each posts:-**

| Sr. No. | Name of the Department | Name of the Post | Old Advt. No | Old Group. No. | Old Cat. No. | New Group No. | New Cat. No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Forest | Forestor | 4/2024 | 57 | 376 | 1 | 1 |
| 2. | Police Housing Corporation | Draftsman (Civil) | 8/2024 | 26 | 19 | 2 | 2 |
| 3. | Archeology & Museums | Draftsman (Civil) | 8/2024 | 26 | 212 | 2 | 3 |
| 4. | Chief Engineer Panchayati Raj Public Works Haryana | Draftsman (Civil) | 8/2024 | 26 | 213 | 2 | 4 |
| 5. | Fisheries | Draftsman | 8/2024 | 26 | 214 | 2 | 5 |
| 6. | HSVP | Tracer | 8/2024 | 26 | 215 | 2 | Withdrawn |
| 7. | HSVP | Assistant Draftsman | 8/2024 | 26 | 216 | 2 | 6 |
| 8. | HSVP | Assistant Draftsman | 8/2024 | 26 | 216 | 2 | 7 |
| 9. | Irrigation & Water Resources | Draftsman | 8/2024 | 26 | 217 | 2 | 8 |
| 10. | Labour | Draftsman (Civil) | 8/2024 | 26 | 218 | 2 | 9 |
| 11. | PWD (B&R) | Assistant Draftsman (Civil) | 8/2024 | 26 | 219 | 2 | 10 |
| 12. | Revenue & Disaster Management | Draftsman(civil) | 8/2024 | 26 | 220 | 2 | 11 |
| 13. | Town & Country Planning | Junior Draftsman | 8/2024 | 26 | 221 | 2 | 12 |
| 14. | Town & Country Planning | Tracer | 8/2024 | 26 | 222 | 2 | 13 |
| 15. | Town & Country Planning | Assistant Draftsman (Civil) | 8/2024 | 26 | 223 | 2 | 14 |
| 16. | Urban Local Bodies | Draftsman (civil) | 8/2024 | 26 | 224 | 2 | 15 |
| 17. | Agriculture | Draftsman | 8/2024 | 26 | 225 | 2 | 16 |
| 18. | Haryana State Warehousing Corporation | Network Assistant | 8/2024 | 27 | 226 | 3 | 19 |
| 19. | Haryana State Electronics Dev. Corporation Ltd. HARTRON | Junior Technical Assistant | 8/2024 | 27 | 227 | 3 | Withdrawn |
| 20. | Haryana Power Generation Corporation Ltd. | Operator Grade-1 (Electronics & Communication) | 8/2024 | 27 | 228 | 3 | 20 |
| 21. | PWD (B&R) | Auto Diesel Mechanic | 8/2024 | 29 | 231 | 4 | 24 |
| 22. | Haryana Seeds Development Corporation Limited | Junior Mechanic | 8/2024 | 29 | 232 | 4 | 25 |
| 23. | Civil Aviation Department | Junior Mechanic | 8/2024 | 29 | 233 | 4 | 26 |
| 24. | Animal Husbandry & Dairying | Mechanic | 8/2024 | 29 | 234 | 4 | 27 |
| 25. | Agriculture | Mechanic | 8/2024 | 29 | 236 | 4 | Withdrawn |
| 26. | Women & Child Development | Technical Supervisor (Mechanical) | 8/2024 | 29 | 237 | 4 | 28 |
| 27. | MSME | Operator Grade-2 | 8/2024 | 29 | 238 | 4 | 29 |
| 28. | Irrigation & Water Resources | Operator | 8/2024 | 29 | 239 | 4 | 30 |
| 29. | Haryana Dairy Development Cooperative Federation | Plant Operator | 8/2024 | 29 | 240 | 4 | 31 |
| 30. | Haryana Dairy Development Cooperative Federation | Compressor Operator | 8/2024 | 29 | 241 | 4 | 32 |
| 31. | Agriculture | Auto Mechanic | 8/2024 | 29 | 242 | 4 | Withdrawn |
| 32. | Animal Husbandry & Dairying | Fitter | 8/2024 | 31 | 246 | 5 | 34 |
| 33. | New and Renewable Energy Department | Technical Assistant | 8/2024 | 31 | 247 | 5 | 35 |
| 34. | Irrigation & Water Resources | Chargeman | 8/2024 | 31 | 249 | 5 | Withdrawn |
| 35. | Irrigation & Water Resources | Fitter | 8/2024 | 31 | 250 | 5 | Withdrawn |
| 36. | DMER, Haryana | Gas Room Operator | 8/2024 | 31 | 251 | 5 | 36 |
| 37. | Agriculture | Fitter | 8/2024 | 31 | 252 | 5 | Withdrawn |
| 38. | Printing and Stationery | Press Mechanic | 8/2024 | 31 | 253 | 5 | Withdrawn |
| 39. | Haryana Power Generation Corporation Ltd. | Plant Attendent (Fitter) | 8/2024 | 31 | 254 | 5 | 37 |
| 40. | Haryana Power Generation Corporation Ltd. | Technician Fitter | 8/2024 | 31 | 255 | 5 | 38 |
| 41. | Haryana Power Generation Corporation Ltd. | Plant Attendent (Hydel) | 8/2024 | 31 | 256 | 5 | 39 |
| 42. | Irrigation & Water Resources | Turner | 8/2024 | 31 | 257 | 5 | Withdrawn |
| 43. | PWD (B&R) | Assistant Draftsman (Electrical) | 8/2024 | 33 | 260 | 6 | 40 |
| 44. | Police Housing Corporation | Draftsman (Electrical) | 8/2024 | 33 | 261 | 6 | 41 |
| 45. | PWD (B&R) | Assistant Draftsman (Mechanical) | 8/2024 | 34 | 262 | 7 | 42 |
| 46. | Archeology & Museums | Technical Assistant | 8/2024 | 38 | 267 | 8 | 43 |
| 47. | Archeology & Museums | Assistant Archaeologist | 8/2024 | 38 | 268 | 8 | 44 |
| 48. | Archives Department | Assistant Archivist | 8/2024 | 38 | 269 | 8 | 45 |
| 49. | Transport Department (Regulatory Wing) | Motor Vehicle Inspector | 9/2024 | 3 | 44 | 9 | 46 |
| 50. | Housing Board Haryana | Assistant Draftsman (Civil) | 11/2024 | 61 | 397 | 10 | 47 |
| 51. | Public Health Engineering | Assistant Draftsman (Civil) | 11/2024 | 61 | 398 | 10 | 48 |

संवाद–1159/13/695/2026/41934/88/7 दि. 09.01.26

## खबर संक्षेप

### सेबी का निवेश कोषों के लिए रिपोर्टिंग प्रारूप जारी



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) द्वारा विशेषीकृत निवेश फंडों (एसआईएफ) की रिपोर्टिंग के तरीके में एकरूपता लाने के मकसद से एक अनुपालन रिपोर्टिंग का प्रारूप जारी किया है। अनुपालन परीक्षण रिपोर्ट के प्रारूप को संशोधित किया गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 9.81 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि दो जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर पर रहा था। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.62 अरब डॉलर घटकर 551.99 अरब डॉलर रह गईं।

## कर्ज में डूबी संकटग्रस्त कंपनी वीआई को मिली लाइफलाइन

# वोडाफोन आइडिया को राहत, अगले छह वर्ष तक चुकाने होंगे प्रति वर्ष 124 करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्ज में डूबी संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया को सरकार ने राहत देते हुए अगले छह वर्ष में बकाया राशि को चुकाने के लिए वार्षिक भुगतान की सीमा 124 करोड़ रुपये तय कर दी है, जिससे निकट भविष्य में नकदी प्रवाह में आसानी होगी। वोडाफोन आइडिया ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) से प्राप्त एक सूचना का हवाला देते हुए शेयर बाजार को बताया कि मार्च 2032 और मार्च 2035 के बीच वार्षिक भुगतान की राशि को घटाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा। इसमें कहा गया कि समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की शेष राशि का भुगतान मार्च 2036 से शुरू होकर छह वर्षों तक वार्षिक रूप से समान किस्तों में करना होगा। सरकार ने वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के 87,695 करोड़ रुपये के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर रोक लगाने पर 31 दिसंबर को सहमति जतायी थी जिसे संकटग्रस्त कंपनी को वित्त वर्ष से 2031-32 से 2040-41 तक चुकाना होगा। वोडाफोन-आइडिया लंबे समय से वित्तीय संकट से जूझ रही है जिसका मुख्य कारण कड़ी मूल्य प्रतिस्पर्धा, भारी कर्ज एवं एजीआर की परिभाषा में बदलाव के कारण उत्पन्न भारी एजीआर देनदारियां हैं।

### अगले दस वर्ष में 1,144 करोड़ का करेगी भुगतान

कुछ लोगों को उम्मीद थी कि मंत्रिमंडल एजीआर बकाया का कुछ हिस्सा या शायद पूरा ही माफ कर देगा। हालांकि इसके बजाय, मंत्रिमंडल ने बकाया राशि पर रोक लगाने का फैसला किया जिससे कंपनी को समय मिल सके। वोडाफोन-आइडिया अगले 10 वर्ष में सरकार को 1,144 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। शेष समायोजित सकल राजस्व बकाया जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 87,695 करोड़ रुपये पर स्थिर कर दिया है का भुगतान मार्च 2036 से शुरू करेगी।

- अगले छह वर्ष में बकाया राशि कंपनी को चुकानी होगी
- निकट भविष्य में नकदी प्रवाह में होगी आसानी
- मार्च 2032 और 2035 के बीच राशि को घटाकर 100 करोड़ किया जाएगा

### सुप्रीम कोर्ट के आधार पर दिया गया अंतिम रूप

कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि इन बकाया राशियों के अलावा, वर्ष 2017-18 और 2018-19 के एजीआर बकाया जिन्हें सितंबर 2020 के उच्चतम न्यायालय के आदेश के आधार पर अंतिम रूप दिया गया था..अब बिना किसी बदलाव के 2025-26 से 2030-31 वित्तीय वर्ष में चुकाने होंगे। यह वार्षिक भुगतान 124 करोड़ रुपये बनता है।

### 20 करोड़ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी

इन कदमों से दूरसंचार कंपनी में 48.9 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सरकार के हितों की रक्षा होगी। साथ ही स्पेक्ट्रम नीलामी शुल्क और एजीआर बकाया के रूप में केंद्र को देय राशि का व्यवस्थित भुगतान सुनिश्चित होगा। इसके अलावा, वीआईएल इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में बनी रहेगी और उसके 20 करोड़ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

- चांदी करीब तीन प्रतिशत बढ़कर 2 .5 लाख रुपए प्रति किलोग्राम
- सोना बढ़कर 1,41,700 रुपए प्रति दस ग्राम

# चांदी में 6,500 रुपए और सोने में 1,200 रुपए की आई तेजी

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की ताजा मांग से शुक्रवार को राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 6,500 रुपये बढ़कर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना बढ़कर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण चांदी 12,500 रुपये यानी करीब पांच प्रतिशत घटकर 2,43,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई थी।



बुधवार को यह 2,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये बढ़कर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गयी, जबकि पिछली बार यह 1,40,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### वैश्विक बाजार में घटकर बंद

अंतरराष्ट्रीय व्यापार में चांदी 76.92 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 4.32 डॉलर यानी 5.53 प्रतिशत घटकर 73.83 डॉलर प्रति औंस पर आ गया था।

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने सोनीपत शहर और उसके आस-पास के इलाकों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिसंबर 2025 महीने के दौरान हरियाणा के सोनीपत शहर और उसके आस-पास के इलाके में किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष आम दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी हेतु जारी किए हैं। इस ड्राइव परीक्षण का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जा रही मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉइस एवं डेटा दोनों) की वास्तविक परिस्थितियों में गुणवत्ता का आकलन एवं सत्यापन करना है। स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के दौरान, भादूविप्रा कॉल सेटअप सक्सेस रेट, डेटा डाउनलोड एवं अपलोड स्पीड , स्पीच क्वालिटी आदि जैसे प्रमुख परफॉरमेंस इंडिकेटर (केपीआई) का वास्तविक डेटा एकत्रित करता है। इस प्रक्रिया में विभिन्न उन्नत टेस्ट हैंडसेटों तथा सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए वास्तविक समय में सत्रों की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है। स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट के परिणाम, उपभोक्ताओं को सूचित करने, और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अपनी सेवाओं में सुधार करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए, भादूविप्रा की वेबसाइट और समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाते हैं भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से हरियाणा एलएसए में 02.12.2025 से 04.12.2025 के बीच 188.4 किलोमीटर सिटी ड्राइव और 08 हॉटस्पाट को कवर करते हुए विस्तृत ड्राइव टेस्ट किए।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलमान** पुत्रः **कमल अहमद रहीस** पताः **13/397, जलेबी चौक, कल्याणपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 1976/2023 U/s 379/411 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलमान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलमान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 1976/2023 U/s 379/411 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सलमान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 16.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
केन्द्रीय जिला, रूम नं. 138
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17553/N/2025 (Court Matter)


## डीजीसीए ने इंडिगो की अपील की खारिज

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि एक अपीलीय प्राधिकरण ने विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा एयरलाइन के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर लगाए गए जुर्माने के खिलाफ उसकी अपील को खारिज कर दिया है। यह जुर्माना कुछ हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य सिमुलेटर का इस्तेमाल करने में कथित विफलता के लिए लगाया गया था।



पिछले साल सितंबर में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। डीजीसीए अपीलीय प्राधिकरण ने सात जनवरी के एक आदेश में इस अपील को खारिज कर दिया है। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने बीएसई को बताया, ''इस मामले का निपटारा कंपनी के निदेशक उड़ान परिचालन और निदेशक प्रशिक्षण पर 20-20 लाख रुपये के जुर्माने को बहाल करते हुए किया गया है।''

## शेयर बाजार में पांचवें दिन गिरावट सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूटा

**मुंबई (एजेंसी)।** शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 605 अंक नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 193 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंताओं और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। कारोबारियों ने कहा कि भारतीय बाजारों से विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। शुरुआती कारोबार में मामूली सुधार के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपनी गति बरकरार रखने में विफल रहा और 604.72 अंक गिरकर 83,576.24 पर बंद हुआ। निफ्टी 193.55 अंक टूटकर 25,683.30 पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर बढ़ती भू-राजनीतिक और व्यापार संबंधी चिंताओं, विशेष रूप से अमेरिकी शुल्क कार्रवाइयों को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच बाजार की धारणा कमजोर रही। कमजोर रुख ने नकारात्मक रुझान को और बढ़ा दिया।

## अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) 2025 -उत्तर पश्चिम रेलवे को 03 शील्ड और 05 व्यक्तिगत पुरस्कार



**नई दिल्ली।** अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा 9 जनवरी 2026 को दिल्ली में आयोजित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह (राष्ट्रीय) -2025 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए विभिन्न जोनल रेलवे को शील्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को भी प्रमाण पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे को 03 शील्ड साथ ही 02 अधिकारियों एवं 03 कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा शुक्रवार को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) समारोह 2025 में उत्तर पश्चिम रेलवे को महाप्रबन्धक अमिताभ, अपर महाप्रबन्धक अशोक माहेश्वरी, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर आर.के मूंढडा तथा मंडल रेल प्रबन्धक-अजमेर राजू भूतडा के प्रतिनिधित्व में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए सम्पूर्ण कार्यकुशलता हेतु गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड, वैगन मेंटेनेंस शील्ड एवं रनिंग रूम शील्ड ( आबू रोड रनिंग रूम) प्रदान की गई।


### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| एनआईटी | CPM-DLI-NIT-24-2025-26/GSU |
|---|---|
| काम का नाम (स्थान के साथ) | यार्ड के रिवाइज्ड ESP (RS) के तहत SZM स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म 2 और 3 का कंस्ट्रक्शन और रीलोकेशन, जिसमें मौजूदा प्लेटफॉर्म 1ए और 2 को हटाना, मौजूदा FOBs को हटाना, प्लेटफॉर्म शेल्टर देना, और दूसरे एंट्री ऑफिस और सर्कुलेटिंग एरिया में सुधार शामिल है। **समान कार्य की प्रकृति :** ट्रैक वर्क के अलावा कोई भी सिविल वर्क। |
| | रुपये 3,71,44,730.74 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा 1) (नोटः– रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नही किया जाएगा। |
| | रुपये 3,35,700.00 |
| | 09 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 02.02.2026 को 15.00 बजे तक तथा 02.02.2026 को 15.00 बजे निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. CPM-DLI-NIT-24-2025-26/GSU
Date : 09.01.2026 109/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली दो पैकेट पद्धति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थल | उतरी रेलवे के दिल्ली डिवीजन मे TKJ-ANVR रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी–चौथी रेलवे लाइन के संबध में, मंडावली चंदर विहार रेलवे स्टेशन पर मल्टी स्टोरीड रेजिडेंशियल टाइप–II क्वार्टर (24 यूनिट) टाइप–III क्वार्टर (04 यूनिट) और टाइप–IV क्वार्टर (01 यूनिट) का निर्माण, 24 टाइप–II क्वार्टर 04 टाइप–III क्वार्टर और 01 टाइप–IV क्वार्टर के लिए फायर फाइटिंग व्यवस्था सडक कार्य 120 किलोलीटर क्षमता का ओवर हेड टैंक, 120 किलोलीटर क्षमता का अंडर ग्राउंड टैंक, बाउंड्री वॉल, HL पैसेंजर प्लेटफॉर्म का निर्माण/चौड़ीकरण/विस्तार तटबंध में मिटटी भराई का काम फॉर्मेशन में कटिंग, ब्लैकेटिंग का प्रावधान, नाली का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, सबवे, रैंप/सीढ़ी, प्लेटफॉर्म शेल्टर, फेंसिंग, स्टेशन बिल्डिंग, मौजूदा FOB और मौजूदा प्लेटफॉर्म RCC बैक वॉल को तोड़ना, वाटर बूथ और अन्य विविध संबंधित कार्य। |
| कार्य पूरा होने की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु.3268.15 लाख |
| धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु.17,84,100/– |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 14:00 बजे दिनांक 10.01.2026 से 31.01.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 31.01.2026 को 14:00 बजे तक निविदा कर्ता द्वारा 10.01.2026 से 31.01.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 14:00 बजे दिनांक 31.01.2026 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

सं0 545-ACS-QRTRS-MWC-CSB दिनांक : 09.01.2026 102/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सुजुकी के पहले इलेक्ट्रिक स्कूटर 'ई-एक्सेस' से उठ गया पर्दा


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने अपने पहले इलेक्ट्रिक स्कूटर, सुजुकी ई-एक्सेस की बुकिंग आधिकारिक रूप से शुरू कर दी है, जिससे ब्रांड ने भारत को लांच मार्केट बनाते हुए इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में कदम रखा है। इसकी कीमत 1.88 लाख रुपए (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। ई-एक्सेस को शहरी इलाकों में तेजी से बढ़ते ईवी स्कूटर सेगमेंट में एक मजबूत, प्रैक्टिकल और प्रीमियम ऑप्शन के तौर पर पेश किया गया है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## पेज एक का शेष

### प्रधानमंत्री मोदी ने ...

राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कुल 8 बार बातचीत हुई है। जिसमें दोनों देशों की व्यापक आर्थिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर दोनों शीर्ष नेताओं ने चर्चा की है। रणधीर ने मीडिया ब्रीफिंग में अमेरिका से जुड़े हुए कई अन्य मुद्दों जैसे भारत पर 500 फीसदी टैरिफ लगाने से जुड़े विधेयक, आईएसए सहित 66 वैश्विक संगठनों से भागीदारी खत्म करने और रूस से तेल खरीद को लेकर भारत का मौजूदा पक्ष, ग्रीनलैंड पर अमेरिका की टेढ़ी नजर और ऑपरेशन सिंदर को लेकर भारत द्वारा अमेरिका में हॉयर की गई लॉबी फर्म के मामले पर भी बेबाकी से जवाब दिए हैं।

### 140 करोड़ लोगों को ...

के माहौल के साथ ही देश की 140 करोड़ आम जनता तक हर हाल में सस्ते दाम पर ऊर्जा यानी तेल मुहैया कराना है।

### ग्रीनलैंड के मामले...

देश के साथ भारत का पुराना संबंध रहा है। हमारी अपेक्षा यही है कि सोमालिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पालन किया जाए।

### आईएसए : मजबूती ...

खासतौर पर बहुत ही कम विकसित और छोटे द्वीपीय विकासशील देश मुख्य रूप से शामिल हैं। जिन्हें सौर ऊर्जा के विकास और तैनाती, वित्त की व्यवस्था, क्षमता विकास तथा जोखिमों के विचारों को कम करने के माध्यम से सहयोग दिया जाएगा।

### ईडी छापे के खिलाफ ...

गलत तरीके से रेड की, और यह अलोकतांत्रिक तरीके से चुनाव जीतने की कोशिश है। बीजेपी इस तरह से चुनाव नहीं जीतेगी। ईडी की रेड का विरोध करते हुए टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय ने कहा कि केंद्र चुनाव जीतने के लिए अपनी जांच एजेंसियों को भेजता है। उन्होंने कहा कि ईडी की टीम भेजी, और उन्हें चुनाव के समय सब कुछ याद आता है। वे चुनाव जीतने के लिए ईडी सीबीआई की टीमें भेजते हैं, लेकिन वे चुनाव नहीं जीतेंगे।

### कल जो हुआ वह ...

यहां कोयला घोटाला मामले में करोड़ों रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत आई थी। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हमें नहीं समझ आता कि इसमें ममता क्यों घबरा गई हैं। ममता बनर्जी 14 साल से मुख्यमंत्री हैं, वो केंद्रीय मंत्री भी रही हैं और गवर्नेंस समझती हैं। तो अगर ममता बनर्जी सारे नियमों, कानून, लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार करके गई हैं, तो वहां कुछ बहुत सेंसिटिव था जिसको निकालना जरूरी था। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी बंगाल में कोई जांच नहीं होने देती हैं। उनको डर है कि उनके घोटालों के राज खुल जाएंगे। जांच को रोकना कानून का उल्लंघन है। हमें पूरा विश्वास है कि कुछ महीनों में बंगाल की जनता इनका पूरा हिसाब करेगी। ममता जी के शासन के पाप का खड़ा भर गया है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी...

पश्चात महात्मा मंदिर, गांधीनगर में द्विपक्षीय वार्ताएँ होंगी। इस दौरान प्रधानमंत्री और जर्मन चांसलर भारत–जर्मनी रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे, जिसने हाल ही में 25 वर्ष पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री का यह दौरा गुजरात की सांस्कृतिक विरासत, विकास परियोजनाओं और भारत की वैश्विक साझेदारियों, तीनों को एक साथ सशक्त करने वाला माना जा रहा है।

### हिंदुओं पर हो रहे ...

बेहद कड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब देते हुए साफ शब्दों में बांग्लादेश को यह संदेश दे दिया कि हिंदू अल्पसंख्यकों के विरूद्ध जारी सांप्रदायिक घटनाओं को व्यक्तिगत दुश्मनी, राजनीतिक विवाद या बाहरी कारणों का नाम देकर खारिज नहीं किया जा सकता है। क्योंकि इससे अपराधियों के ही हौसले बढ़ते हैं। इन घटनाओं से तुरंत और सख्ती से निपटना होगा। उन्होंने कहा, भारत की तरफ से हालांकि कई बार बांग्लादेश में चरमपंथियों द्वारा अल्पसंख्यकों, उनके घरों और व्यवसायों पर बार-बार हो रहे हमलों के निराशाजनक पैटर्न के मामले को उठाया गया है। ये तमाम घटनाएं चिंताजनक हैं और अगर इनके साथ तत्काल सख्त अंदाज में नहीं निपटा गया तो उससे अल्पसंख्यकों में भय और असुरक्षा की भावना और गहरी होती है। यहां बता दें कि मौजूदा समय में दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। वीजा सेवाओं पर भी रोक लगाई गई है। बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए बिजनेस और रोजगार की श्रेणियों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वीजा पर रोक लगा दी है। भारत ने भी दो जगहों पर बांग्लादेश में अपने वीजा आवेदन केंद्र को बंद कर दिया है।

### बीते 18 दिन में...

घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए मौजूदा अंतरिम सरकार से देश के सभी नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के अपने दायित्व का निर्वाह करने की मांग की है। जिसके जवाब में मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि उनकी सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। लेकिन मामलों में हो रही बढ़ोतरी कोई और ही कहानी बयान कर रही है। वहीं, दूसरी ओर आगामी फरवरी महीने में होने वाले आम चुनावों को लेकर भी भारत ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि हम बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और सभी पक्षों की भागीदारी वाले समावेशी चुनाव के पक्ष में हैं।

**51 पर पहुंचे सांप्रदायिक हिंसा के मामले:** इन सबके बीच बांग्लादेश हिंदू, बौद्ध, क्रिश्चन, यूनिटी काउंसिल के मुताबिक, बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा के मामलों का आंकड़ा 51 पर जा पहुंचा है। जिसमें पिछले साल के आखिरी दिसंबर महीने में हुई 10 हत्याएं भी शामिल हैं। बीते वक्त में भारतीय विदेश मंत्रालय ने अपनी मीडिया ब्रीफिंग में कहा था कि बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त महीने में मोहम्मद यूनुस की सरकार के गठन के बाद से लेकर अब तक अल्पसंख्यकों (हिंदू व अन्य समुदाय शामिल) के खिलाफ जारी हिंसा के कुल 2 हजार 900 मामले सामने आ चुके हैं। जिसमें इनके खिलाफ जारी हिंसा, आगजनी और जमीन कब्जाने के मामले मुख्य हैं।

## शब्द पहेली - 6104




**बाएँ से दाएँ**

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

### शब्द पहेली- 6103 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | य | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | य | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | य | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |



## चिंतन

# अमेरिका ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतरा

भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर बिलबिला रहा अमेरिका अब ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतर आया है। अमेरिका लगातार भारत को लेकर गलत बयानबाजी कर रहा है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग किया जाना किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी बयानबाजियों से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। हालांकि भारत लगातार संयमित तरीके से जवाब दे रहा है। अब अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि भारत के साथ ट्रेड डील किसी पॉलिसी विवाद की वजह से नहीं रुकी है, बल्कि इसका कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे फोन न करना है। इस मामले से जुड़े जानकार इसे ट्रम्प के 'ईगो' से जोड़कर देख रहे हैं। वह मान रहे हैं कि ट्रम्प निजी तौर पर कॉल की उम्मीद कर रहे थे, जो भारतीय प्रधानमंत्री ने नहीं की। उधर, भारत ने अमेरिकी मंत्री के बयान को झूठा और गलत बताते हुए इसका कड़ा जवाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी और प्रेसिडेंट ट्रम्प 2025 में 8 बार फोन पर बात कर चुके हैं। 'भारत और अमेरिका 13 फरवरी 2025 से बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम कर रहे हैं। कई राउंड नेगोशिएशन हो चुके हैं और कई बार हम डील के करीब पहुंचे हैं। भारत बेनिफिशियल ट्रेड डील पर आगे बढ़ना चाहता है। मोदी-ट्रम्प की 8 बार बातचीत से साफ है कि लीडरशिप लेवल पर वार्ता जारी है। ट्रंप ने लगातार भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है, लेकिन भारत ने अपने रुख पर कायम रहते हुए अमेरिका को जवाब दिया है। अमेरिका के इस कदम को कई विश्लेषकों ने दबाव की कूटनीति करार दिया है। उनका मानना है कि ट्रंप भारत को रूस और ईरान से दूरी बनाने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ बिल पर भी भारत ने कहा कि 'एनर्जी सोर्सिंग के बड़े सवाल पर हमारा रुख जगजाहिर है। हम ग्लोबल मार्केट के बदलते डायनामिक्स और अपने 1.4 अरब भारतीय लोगों की एनर्जी सिक्योरिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग सोर्स से सस्ती एनर्जी हासिल करने की जरूरत से गाइड होते हैं। भारत की ऊर्जा नीति किसी दबाव में नहीं बदलेगी। हमारा ध्यान इस बात पर है कि भारत के लोगों को सस्ती ऊर्जा मुहैया कराई जाए। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए दुनियाभर के बाजारों पर नजर बनाए हुए है। जहां से सस्ती चीजें मिलेंगी, हम उन पर काम करते रहेंगे'। भारत ने साफ कहा कि टैरिफ के मसले पर हम अपने हितों के साथ कतई समझौता नहीं करेंगे। अमेरिका चाहता है कि ट्रेड डील उसकी शर्तों पर हो, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। बता दें कि लुटनिक के बयान को अमेरिका का दबाव बनाने का तरीका माना जा रहा है। अमेरिका भारत को रूस और चीन से दूरी बनाने के लिए मजबूर करना चाहता है। ट्रेड डील का मामला राजनीति में उलझ गया है। अमेरिका अपने हितों को प्राथमिकता देना चाहता है, जबकि भारत अपने हितों को बचाना चाहता है। भारत ने अमेरिका के दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह अपने हितों के अनुसार निर्णय लेगा। ट्रेड डील का मामला वैश्विक व्यापार को भी प्रभावित कर सकता है। अगर अमेरिका और भारत के बीच डील नहीं होती है तो इसका असर अन्य देशों पर भी पड़ सकता है।



एसआईआर
शशिधर खान

# बंगाल में बढ़ती राजनीतिक तकरार

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाने के कारण बढ़ी है। इसमें मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव करीब आ रहा है, लगभग सीधी टकराव की नौबत आती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (दीदी) समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। बिहार में भी चुनाव आयोग ने वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल और सहयोगी कांग्रेस वाम दलों के एसआईआर विरोध के बीच गत वर्ष कराया। कोर्ट में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई और मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया मतदान शुरू होने के समय तक टलती रही। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यू) और भाजपा गठजोड़ को भारी ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद राजद-कांग्रेस का चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप वहीं सीमित रह गया।

अभी वही स्थिति पश्चिम बंगाल और केरल में पैदा हो गई है। इस वर्ष अप्रैल-मई में पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, जिनमें इन दोनों विधान सभाओं के अलावा असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी भी हैं लेकिन एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा से तनातनी में पहले नंबर पर पश्चिम बंगाल है। दूसरे नंबर पर केरल है। इन दोनों राज्यों में भी एसआईआर बिहार की तरह जून, 2025 में शुरू होने के समय से ही विवादित है। केंद्र में तो भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठजोड़ सरकार है ही, पश्चिम बंगाल विधान सभा में भाजपा मुख्य विपक्षी दल है। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के कारण बढ़ी है। इसमें सबसे ज्यादा मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) दोहरी मार झेल रहे हैं। पश्चिम बंगाल में यह राजनीतिक विवाद अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है कि आए दिन राज्य सरकार, तृणमूल कांग्रेस नेता और चुनाव आयोग एक-दूसरे को चुनौती देने वाला बयान आए दिन जारी कर रहे हैं। 3 जनवरी को एसआईआर विवाद उस समय गहरा गया, जब चुनाव आयोग ने पांच चुनाव कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इन कर्मियों को निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान गणना पत्र वितरण और उसे इकट्ठा करने में कथित अनियमितता का दोषी पाया है। यह तब हुआ जब 31 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात हुई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बातचीत का माहौल अच्छा नहीं था। मुलाकात के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बूथ स्तरीय अधिकारी, मतदाता सूची अधिकारी, पर्यवेक्षक समेत एसआईआर के काम में लगे किसी भी कर्मचारी को राजनीतिक प्रतिनिधियों द्वारा डराया/धमकाया जाना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 04 नवंबर से बंगाल



में एसआईआर प्रक्रिया शुरू हुई और उस महीने भी तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला था। उस वक्त अन्य राज्यों से भी बीएलओ की आत्महत्या, मौतों की खबरें आ रही थी और हर जगह काम का अत्यधिक दबाव कारण बताया गया। सुप्रीम कोर्ट के कहने पर चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण, मसौदा सूची और अंतिम मतदाता सूची की डेडलाइन तारीखें बढ़ाई लेकिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं को सीइसी ने नवंबर में बीएलओ पर दबाव का कारण दूसरा बताया। सीइसी के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं और खासकर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ तथा अन्य एसआईआर कर्मियों को धमकी दी कि मृत मतदाताओं, अन्यत्र चले गए और एक से ज्यादा जगहों पर नाम दर्ज मतदाताओं का नाम सूची से हटाने की अनुशंसा न भेजें। उस सिलसिले में चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्देश दिया था कि बीएलओ लोगों को पार्टी कार्यकर्ताओं से सुरक्षा प्रदान करें। चुनाव आयोग के एक अधिकारी के अनुसार चुनाव आयोग ने बूथ स्तरीय अधिकारियों के लिए बढ़ाए गए मानदेय की राशि तत्काल मुहैया कराने के संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार से आग्रह किया। उसके जवाब में टीएमसी सूत्रों ने चुनाव आयोग से कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री को राज्य का रोका गया 2 लाख करोड़ फंड जारी करने के लिए सीइसी ज्ञानेश कुमार को लिखना चाहिए।

चुनाव आयोग ने कथित लापरवाही के दोषी पांच बीएलओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया, उस दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा। चुनाव आयोग को लिखा गया दीदी का यह तीसरा पत्र है। मुख्यमंत्री ने आयोग को लिखा कि या तो मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर चल रहे झमेले को दूर करें या पश्चिम बंगाल में इसे रोकें। पत्र में दीदी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मनमाने तरीके से एसआईआर प्रक्रिया में लाखों लोगों को पहले वोट डालने के संवैधानिक अधिकार से वंचित किया गया और फिर आपत्तियों/दावे प्रस्तुत करने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। सागर दीप में एक जनसभा में दीदी ने चुनाव आयोग को धमकी दी कि मतदाताओं को परेशान करना अगर बंद नहीं हुआ तो वे चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी। शीर्ष कोर्ट में पहले से ही एसआईआर पर सुनवाई चल रही है और चीफ जस्टिस सूर्यकान्त ने नए वर्ष के दिन कहा कि ऐसे संवैधानिक मामले निबटाने में तेजी लाने के लिए ज्यादा पीठों का गठन उनकी प्राथमिकता है। गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग का फोकस बांग्लादेशी घुसपैठिया पर है, जिनमें मुसलमान ज्यादा हैं। जहां तक बांग्लादेशी हिंदू समुदाय की नागरिकता का सवाल है, दीदी ने दोनों को मतुआ समुदाय की हालत की ओर ध्यान दिलाया।

उत्तरी 24 परगना और नादिया जिले के 15 चुनाव क्षेत्रों में मतुआ समुदाय की आबादी है, जो बांग्लादेश से आकर बसे हैं। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान इनका भविष्य अधर में लटका है। चुनाव आयोग ने इनकी नागरिकता और मतदाता सूची से नाम हटाने का मामला लटकाकर रखा है। पश्चिम बंगाल में विवाद ज्यादा तूल पकड़ने का असली कारण दो है। पहला, 16 दिसंबर को प्रकाशित एसआईआर मसौदा सूची से कटे 58 लाख नाम में से सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भवानीपुर विधान सभा सीट प्रभावित हुई। दूसरा, काटे गए नाम में से पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, जो दीदी की पार्टी को अन्य की अपेक्षा ज्यादा पसंद करती हैं। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि मुसलमान महिला वोटरों को चुनाव आयोग ने बांग्लादेशी घुसपैठिया करार दिया।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## विश्व हिंदी दिवस
डॉ. एस.डी. वैष्णव



# वैश्विक परिदृश्य में बढ़ता हिंदी का मान

विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य विदेशो में हिंदी के प्रचार-प्रसार और लोगों में हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करना और हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करना है। इस दिन विदेशों में भारतीय दूतावासों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 1975 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के सहयोग से नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया। साल 2006 में पहले विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगांठ के दौरान इस दिन को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी, तब से विश्वभर के कई देशों और खास करके भारतीय दूतावासों में साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विश्व हिंदी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

पिछले दो दशकों में वैश्विक स्तर पर हिंदी का प्रभाव बढ़ा है। हिंदी आज दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा लोकप्रिय भाषा बन गई है। भारत की आर्थिक वृद्धि और तकनीकी विकास ने हिंदी को एक वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर में रह रहे भारतीय समुदाय हिंदी को एक संपर्क भाषा के रूप में काम में ले रहे हैं, जिससे हिंदी का वैश्विक दायरा बढ़ा है। अमेरिका और यूरोप के कई देशों में हिंदी ने अपना वर्चस्व बढ़ाया है। मॉरीशस, सूरीनाम, फ़िजी, इंडोनेशिया, जापान, रूस आदि देशों में हिंदी और हिंदी सिनेमा के प्रभाव से भारतीय संस्कृति अक्षुण्ण बनी हुई है। हिंदी सिनेमा के वैश्विक प्रभाव ने निःसंदेह रूप से भारतीय संस्कृति की गौरव गाथा को विश्व समुदाय के बीच जीवंत किया है। हिंदी अब सिर्फ भारत की भाषा नहीं, बल्कि वैश्विक संवाद का एक माध्यम बन चुकी हैं, जिसने विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति एवं विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। हिंदी का प्रवासी देशों में व्यापक प्रभाव बढ़ा है। आज विश्वभर के कई देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है और वहां का पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध है। विदेशी विद्यार्थी हिंदी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह एक भाषा और संस्कृति की व्यापकता को दर्शाता है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का विदेशों में जितना प्रचार-प्रसार हिंदी के माध्यम से हुआ, वह अन्य भाषा में संभव नहीं था। यह हिंदी के लिए गौरव का विषय है। मॉरीशस के हिंदी कवि बृजेंद्र कुमार भगत की कविता में हिंदी के प्रति आत्मिक अभिव्यक्ति कुछ इस तरह मुखरित होती हैं-

*"हिंदी गई रसातल में, तो गई हमारी आशा*
*संस्कृति सिसक-सिसक रोएगी, धर्म मरेगा प्यासा*
*हिंदी को कुचलेगी प्यारे गौरांगों की भाषा*
*राम, कृष्ण, गौतम, गांधी की सीख सदा अपनाएं*
*दुनिया के कोने-कोने में हिंदी सुमन खिलाएं*
*जय-जय-जय हिंदी के नारे विश्व सकल गुंजाएं।"*

विदेशों में हिंदी बोलना ही नहीं, बल्कि साहित्य दृष्टि से भी अध्ययन, अनुवाद और अनुसंधान बढ़ा है। विदेशों में कई संस्थान और प्लेटफॉर्म हिंदी सिखा रहे हैं। भारतीय संस्कृति, वैभव और आध्यात्मिक उन्नति ने विश्व परिदृश्य में हिंदी की प्रासंगिकता को और मजबूत किया है। जब पूरा विश्व भारत के साथ संबंध बनाने को उत्सुक है, ऐसे में भारत सरकार हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेशी यात्राओं में लगातार भारतीय समुदाय के साथ हिंदी में संवाद करते रहे हैं। विदेशों में हिंदी की स्थिति को और ज्यादा सुदृढ़ करने से पूर्व देश में हिंदी भाषा की जड़ें गहरे तक जमानी होंगी। हिंदी भारतवर्ष की राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र का गौरव भी है। निःसंदेह रूप से वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की पहचान बनी है, लेकिन उसके प्रयोजनमूलक स्वरूप तथा उसकी स्वीकार्यता के लिए अधिक परिश्रम करना होगा, क्योंकि हिंदी राष्ट्र चेतना का प्रतीक और विश्व समन्वय की भाषा है। एक भाषा दूसरी भाषा को रचती है, लेकिन जो प्रश्न सालों से विश्व हिंदी दिवस के बहाने और उसके आस-पास उठते रहे हैं, उन पर चिंतन करने की भी आवश्यकता है।

हिंदी भाषा जो कभी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक रही, वह स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राजभाषा बन गई और राजभाषा अधिनियम के बाद मात्र संपर्क भाषा के रूप में पहचानी जाने लगी। आज तक हम इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिला पाए। हिंदी लोकतंत्र की भाषा है, लेकिन अंग्रेज भारत से जाते समय जो व्यवस्था पीछे छोड़ कर गए, हम उसी में उलझ कर रह गए। विश्व हिंदी दिवस के बहाने ही सही, एक साथ हम इस दिशा में आगे बढ़ें और वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ, हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाएं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### माइक्रो रोबोट ने लिखी सफलता की गाथा

नमक के एक दाने से भी छोटे माइक्रो रोबोट का विचार आज विज्ञान कथा नहीं रहा, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में आकार ले चुकी एक ठोस वास्तविकता बन चुका है, जहां नैनोमीटर स्तर की इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा-संचयन की नई तकनीकें मिलकर ऐसे यंत्र रच रही हैं जो अपनी सूक्ष्म काया के बावजूद निर्णय लेने, प्रतिक्रिया देने और लक्ष्य के अनुसार काम करने की क्षमता रखते हैं। यह माइक्रो रोबोट न केवल आकार में क्रांतिकारी है बल्कि सोच की दिशा में भी एक नया अध्याय खोलता है क्योंकि इसके भीतर समाहित अल्ट्रा-मिनी कंप्यूटर और संवेदनशील सेंसर इसे आसपास के वातावरण को समझने और उसी के अनुरूप व्यवहार करने में सक्षम बनाते हैं। - **विवेक भगत**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# अंतरिक्ष यात्री बीमार, नासा ने मिशन अवधि छोटी की

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जारी अपने मिशन की अवधि को छोटा कर दिया है। नासा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका-जापान-रूस का चार सदस्यीय दल पूर्वनियोजित समय से पहले ही कुछ दिनों में धरती पर लौट आएगा। एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण नासा ने इस वर्ष का अपना पहला 'स्पेसवॉक' रद्द कर दिया। अंतरिक्ष एजेंसी ने गोपनीयता का हवाला देते हुए अंतरिक्ष यात्री या उसकी स्वास्थ्य समस्या का खुलासा नहीं किया। हालांकि उसने कहा कि अब चालक दल के सदस्य की हालत स्थिर है। नासा के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेम्स पोल्क ने कहा कि नासा के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कोई आपातकालीन स्थिति नहीं थी, लेकिन वे ''चालक दल के सदस्य की सुरक्षा के लिए एहतियात बरत रहे हैं।'' पोल्क ने कहा कि यह अंतरिक्ष स्टेशन से नासा का पहला चिकित्सीय निकासी अभियान है। चार सदस्यीय दल अगस्त में 'स्पेसएक्स' के माध्यम से कक्षा की परिक्रमा कर रही प्रयोगशाला में पहुंचा था जिन्हें कम से कम छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था।



## ऑफ बीट

# तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत



भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।

## ट्रेंड

### बंगाल में कमल खिलेगा



राजनीतिक अहंकार के कारण किसी भी नागरिक को प्रधानमंत्री-जय योजना के लाभों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। बंगाल का इंतज़ार लगभग खत्म हो गया है। कमल खिलेगा और प्रधानमंत्री-जय योजना जल्द ही हर घर तक पहुंचेगी।
**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### प्रवासी भारतीय दिवस



विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक पहचान को गौरव के साथ स्थापित करने वाले समस्त प्रवासी भारतीय भाई-बहनों को प्रवासी भारतीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सभी अपने ज्ञान, अनुभव और सामर्थ्य से भारत के समावेशी, सतत और सर्वांगीण विकास में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें।
**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### राजकीय उत्सव



कोनासीमा के लोगों (जिन्होंने पीढ़ियों से इस परंपरा को संरक्षित रखा है) की भक्ति और आस्था का सम्मान करते हुए मंत्रिमंडल ने जगन्ना थोता प्रभाला तीर्थम को राजकीय उत्सव के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है।"
**- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### महिला सुरक्षा



मेरठ में दलित माँ की हुई हत्या तथा बेटी के अपहरण की घटना दुखद, शर्मनाक एवं चिन्तनीय। महिलाओं की इज़्ज़त-आबरू से खिलवाड़ और फिर हत्या आदि की घटनाओं को सरकार तत्काल सख़्त कार्रवाई करे।
**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# सिंधु का धमाल, मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू का धमाल जारी है। सिंधू ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की अकाने यामागुची जब पहले गेम में 21-11 से हार गईं थी तो इंजरी के चलते उन्होंने मैच को छोड़ दिया। इस तरह सिंधू ने साल 2026 के अपने पहले टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कदम रख दिया है।

**खास बातें**

- सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट
- यामागुची ने इंजरी के कारण छोड़ा क्वार्टरफाइनल
- सिंधू का यामागुची के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 15-12 पहुंचा



### यामागूची के खिलाफ की बेहतरीन शुरुआत

मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में सिंधू का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची से हुआ। यामागूची के खिलाफ सिंधू ने बेहतरीन शुरुआत की और पहले गेम को 21-11 से अपने नाम कर लिया था। लेकिन दूसरे गेम की शुरुआत से पहले यामगूची ने इंजरी के चलते मैच से हटने का फैसला किया और काफी लंबे समय बाद वापसी करने वाली सिंधू ने सेमीफाइनल में कदम रख लिया है।

### इंडिया ओपन खेलेंगी सिंधू

वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर 18 पर काबिज दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इंजरी के बाद वापसी कर रही हैं। उन्होंने यामागूची के खिलाफ जीत के रिकॉर्ड को 15-12 कर लिया है। अब सिंधू का सामना सेमीफाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी और इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल की विजेता से होगा। इस टूर्नामेंट के बाद सिंधू भारत में 13 जनवरी से होने वाले इंडिया ओपन में भी खेलती हुईं नजर आएंगी।

ब्रिसबेन इंटरनेशनल

## सबालेंका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, कीज को हराया



एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

आर्यना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित ब्रिसबेन इंटरनेशनल में मैडिसन कीज को एकतरफा मुकाबले में सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में कीज पर 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। इस दौरान सबालेंका ने लगातार पांच गेम में सर्विस तोड़ी। ब्रिसबेन इंटरनेशनल 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट है। अब ब्रिसबेन इंटरनेशनल की गत चैंपियन सबालेंका का सामना 11वीं वरीय कैरोलिना मुचोवा से होगा, जिन्होंने एलीना रायबाकिना को 6-2, 2-6, 6-4 से हराया।

**खबर संक्षेप**



### खिलाड़ी बनना किस्मत में लिखा था: वैष्णवी

**नई दिल्ली।** वैष्णवी शर्मा ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में भारत के लिए पदार्पण किया था और ग्वालियर की 20 साल की बाएं हाथ की स्पिनर का कहना है कि उनके ज्योतिषी पिता नरेंद्र शर्मा ने उनके भविष्य के बारे में बता दिया था कि वह क्रिकेटर बनेंगी। उनका कहना है कि खिलाड़ी बनना उनकी किस्मत में लिखा था। वैष्णवी ने कहा, 'जब मैं चार साल की थी तो खेलों में मेरा सफर शुरू हुआ। जैसा कि आप सभी जानते हैं, मेरे पिता एक ज्योतिषी हैं। उन्होंने मेरी कुंडली देखी और कहा कि मुझे या तो खेलों में जाना चाहिए या चिकित्सा के क्षेत्र में।' उन्होंने कहा, 'उसके बाद, यह सवाल था कि मेरी दिलचस्पी किसमें है। कुछ समय बाद, उन्हें समझ आया कि मेरी दिलचस्पी खेलों में है।

### मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे 60 हजार से ज्यादा धावक

**मुंबई।** टाटा मुंबई मैराथन (टीएमएम) के 21वें सत्र का आयोजन 18 जनवरी को होगा, जिसमें भाग लेने के लिए 60 हजार से अधिक धावकों ने पंजीकरण कराया है। आयोजकों के अनुसार, विश्व एथलेटिक्स 'गोल्ड लेबल' दौड़ में रिकॉर्ड 69,100 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें 65,400 से अधिक प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से और 3,700 वर्चुअल (ऑनलाइन) रन में भाग लेंगे। पहली बार रिकॉर्ड 14,059 धावक पूर्ण मैराथन में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हाफ मैराथन और ओपन 10 किमी दौड़ में भी भागीदारी में भारी वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र सरकार के मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, 'पिछले दो दशकों में टाटा मुंबई मैराथन ने लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य और शहर की आर्थिक स्थिति दोनों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

### भविष्य को ध्यान में रखकर फैसला लें: इकबाल

**ढाका।** पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से अपील की है कि अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में टीम की भागीदारी के बारे में फैसला लोगों की भावनाओं से प्रभावित नहीं हों क्योंकि ऐसे किसी भी निर्णय का असर अगले 10 साल तक पड़ सकता है। तमीम इकबाल ने कहा, 'स्थिति फिलहाल थोड़ी गंभीर है और अभी अचानक कोई बयान देना मुश्किल है।

### बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस तीन विकेट से हराया

**नवी मुंबई।** नादिन डि क्लर्क की 44 गेंद पर नाबाद 63 रन की शानदार पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मौजूदा सत्र के शुरुआती मैच में शुक्रवार को यहां मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराया। गत चैंपियन मुंबई की टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर छह विकेट पर 154 रन बनाये। क्लर्क ने 20वें ओवर में आखिरी चार गेंदों पर 20 रन लगाकर आरसीबी को रोमांचक जीत दिला दी। मुंबई इंडियंस के लिए निकोला कैरी और अमेलिया केर ने दो-दो विकेट चटकाये।

कल से भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का आगाज

# टीम इंडिया के खिलाफ उतरेंगे न्यूजीलैंड के 5 नए चेहरे, वनडे में तीन खिलाड़ी करेंगे डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 11 जनवरी से तीन वनडे की सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज के लिए कीवी टीम में पांच ऐसे खिलाड़ी चुने गए हैं, जिनके पास खेलने का बहुत कम अनुभव है।

इनमें से तीन तो ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक वनडे इंटरनेशनल मैच नहीं खेले हैं। वे भारत दौरे से डेब्यू कर सकते हैं। वहीं बाकी दो ऐसे हैं, जिन्होंने नाम मात्र के मैच इस फॉर्मेट में खेले हैं। इन पांच नए चेहरों में से एक का भारतीय कनेक्शन है।

### आदित्य अशोक

23 साल का यह खिलाड़ी लेग स्पिन बॉलिंग करता है। उन्हें ईश सोढ़ी के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा। आदित्य अशोक ने अभी तक न्यूजीलैंड के लिए दो वनडे मुकाबले खेले हैं और ये दिसंबर 2023 में आए थे। इनमें उन्होंने एक विकेट लिया था। आदित्य ने हालिया समय में न्यूजीलैंड ए के लिए चार दिवसीय मैचों और लिस्ट ए क्रिकेट में कमाल की बॉलिंग की। बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के दौरों पर वे विकेट निकालने वाले प्रमुख गेंदबाज बने थे। वे कुछ समय पहले चेन्नई में सुपर किंग्स एकेडमी में भी स्पिन बॉलिंग करते दिखे थे। उनके परिवार का तमिलनाडु से कनेक्शन है। जब वह चार साल के थे तब परिवार ऑकलैंड शिफ्ट कर गया था।











### निक कैली

इस खिलाड़ी ने अभी तक तीन वनडे मैच न्यूजीलैंड के लिए खेले हैं। अब उनके पास इस संख्या को आगे बढ़ाने का मौका है। निक कैली की पैदाइश ऑस्ट्रेलिया की है। 32 साल के इस खिलाड़ी ने अभी तक तीन वनडे इंटरनेशनल में 49 रन बनाए हैं। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने वेलिंग्टन के लिए लगातार रन बनाए हैं। वे इस टीम के कप्तान भी हैं। वे कैरेबियन प्रीमियर लीग में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के लिए खेल चुके हैं। समझा जाता है कि भारत के खिलाफ सीरीज में उन्हें टॉप ऑर्डर में खिलाया जा सकता है।

### माइकल रे

30 साल के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक न्यूजीलैंड के लिए दो टेस्ट खेले हैं। इनमें आठ विकेट लिए हैं। वे सिर पर हेडबैंड लगाकर खेलते हैं। माइकल रे नई गेंद से स्विंग हासिल कर सकते हैं। साथ ही गेंद के पुराने होने पर उससे बाउंस हासिल करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने हाल ही में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज से टेस्ट डेब्यू किया था।

### जायडन लेनॉक्स

बाएं हाथ का यह फिरकी गेंदबाज पहली बार न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा बना है। उन्हें मिचेल सैंटनर के रिप्लेसमेंट के तौर पर देखा जा रहा है। जायडन लेनॉक्स 31 साल के हैं और पिछले कुछ सीजन में उन्होंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वे सेलेक्शन में दायरे में आए। न्यूजीलैंड टीम के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने उनकी तारीफ की है। पिछले सीजन जब सेंट्रल स्टैग्स की टीम जब फाइनल तक पहुंची थी तब लेनॉक्स ने छाप छोड़ी थी। उन्होंने ग्लोबल सुपर लीग में भी हिस्सा लिया था। यहां तीन पारियों में 5.07 की इकॉनमी से चार विकेट लिए थे।

### क्रिस्टियन क्लार्क

यह खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों में लगातार न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा रहा लेकिन खेलने का मौका नहीं मिला। अब भारत में क्रिस्टियन क्लार्क को पहला मैच खेलने को मिल सकता है। वे दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। साथ ही निचले क्रम में उपयोगी रन जुटाने की क्षमता भी रखते हैं। 24 साल के क्लार्क को न्यूजीलैंड क्रिकेट के भविष्य के तौर पर देखा जा रहा है। वे अभी तक 34 लिस्ट ए मैच में 52 विकेट लेने के साथ ही 373 रन बना चुके हैं।

ऑकलैंड डब्ल्यूटीए

## स्वितोलिना की सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड



शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने सोने कार्टल को तीन सेट में हराकर ऑकलैंड में चल रहे डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मेलबर्न में 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में अब स्वितोलिना की भिड़ंत शनिवार को अमेरिका की इवा जोविच से होगी। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज स्वितोलिना तीसरे सेट में 5–3 से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 6–4, 6–7 (2), 7–6 (5) से जीत दर्ज की।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन में सिर्फ डबल्स खेलेंगे किर्गियोस, सिंगल्स से नाम लिया वापस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने ऑस्ट्रेलियन ओपन एकल वर्ग से अपना नाम वापस ले लिया है। वह सिर्फ डबल्स मुकाबलों में हिस्सा लेंगे। डबल्स में किर्गियोस थानासी कोकिनाकिस के साथ जोड़ी बना सकते हैं।

किर्गियोस ने इंस्टाग्राम में लिखा, मैंने इस साल सिर्फ ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स पर ध्यान देने का फैसला किया है। मैं फिट हूं और कोर्ट पर वापस आ गया हूं, लेकिन 5-सेटर एक अलग चीज है और मैं अभी तक पूरी तरह से तैयार नहीं हूं। यह टूर्नामेंट मेरे लिए सब कुछ है, लेकिन मैं अपनी जगह किसी ऐसे व्यक्ति को देना चाहूंगा, जो अपने पल को यादगार बनाने के लिए तैयार हो। मैं अगले साल वापस आऊंगा और मुकाबला करने के लिए उत्साहित रहूंगा। वहीं मिलते हैं।"



### ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के लिए मिला वाइल्डकार्ड

निक ने 2025 में सिर्फ पांच मैच खेले थे। पिछले तीन सालों में सिर्फ छह प्रोफेशनल एकल मैच खेले हैं। पिछले महीने न्यूयॉर्क और दुबई में एग्जिबिशन मैचों की एक सीरीज के साथ उन्होंने आसानी से प्रतियोगिता में वापसी की, फिर उन्हें ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के लिए वाइल्डकार्ड मिला, जहां पहले राउंड में वह एलेक्जेंडर कोवासेविक से 6-3, 6-4 से हार गए। इसके अलावा, किर्गियोस और उनके डबल्स पार्टनर, थानासी कोकिनाकिस, ब्रिस्बेन में दूसरे राउंड में फ्रेंच जोड़ी सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबोल से हार गए। ऑस्ट्रेलिया ओपन डबल्स से उन्हें धमाकेदार वापसी की उम्मीद है।

## युवा जादुमणि ने पंघाल को चौंकाया निकहत और लवलीना आगे बढ़ी

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

उभरते हुए युवा मुक्केबाज जादुमणि सिंह ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अनुभवी खिलाड़ी अमित पंघाल को चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई, जबकि स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन ने सेमीफाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक की ओर कदम बढ़ा दिए। इक्कीस वर्षीय जादुमणि (55 किग्रा) ने निरंतर आक्रामकता, तेजी और लगातार पंचों की बदौलत दो बार के ओलंपियन और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता पंघाल के खिलाफ सर्वसम्मत 5-0 का फैसला अपने नाम किया। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) का



प्रतिनिधित्व कर रहे दोनों मुक्केबाज गैर-ओलंपिक 50 किग्रा वर्ग से ऊपर उठकर इस मुकाबले में उतरे थे और उनके बीच बेहद तेज रफ्तार और कड़ा संघर्ष देखने को मिला। जादुमणि ने पहले ही दौर से मुकाबले पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने हर कोण से पंचों की बौछार की, जबकि पंघाल ने सटीकता और काउंटर पंचिंग पर भरोसा किया। मुकाबले के आगे बढ़ने के साथ जादुमणि का दबाव साफ दिखने लगा। पंघाल जादुमणि की स्टेमिना का मुकाबला नहीं कर पाए और लगातार पड़ते मुक्कों से जूझते रहे। एक मौके पर उनका माउथगार्ड भी गिर गया और उन्हें चोट भी लग गयी। पहले दो दौर को अपने नाम करने के बाद जादुमणि ने तीसरे दौर में रणनीति बदली। उन्होंने रिंग में घूमते हुए सधी हुई डिफेंस अपनाई और समझदारी से मुकाबले को समाप्त किया। पुरुषों के अन्य सेमीफाइनल मुकाबलों में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किग्रा) और मौजूदा चैंपियन अविनाश जामवाल (65 किग्रा) को कड़ी मशक्कत के बाद क्रमशः 4-1 से जीत हासिल करनी पड़ी। महिला वर्ग में दो बार की विश्व चैंपियन निकहत (51 किग्रा) ने दबदबा बनाए रखते हुए उत्तर प्रदेश की कुसुम भगेल को 4-1 के विभाजित निर्णय से हराया।

## फाइनल में भिड़ेंगे एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स

एजेंसी ▶▶| रांची

एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स दो हफ्तों तक चले 12 मुकाबलों के बाद शनिवार को महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के फाइनल में आमने सामने होंगी। लीग जीतने वाली टीम को 1.50 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी जबकि उप विजेता को एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाली रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपए मिलेंगे। फाइनल में पहुंची इन दोनों टीमों ने इस सत्र में अपना दबदबा बनाए रखा और दोनों का खेलने का तरीका काफी हद तक एक जैसा ही रहा है।

एसजी पाइपर्स ने तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि श्राची बंगाल टाइगर्स ने दूसरा स्थान



पक्का किया। दोनों टीमें लीग चरण में दो बार आमने-सामने हुईं और दोनों ही मौकों पर श्राची बंगाल टाइगर्स ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। पहले मैच में 3-3 की बराबरी के बाद श्राची बंगाल टाइगर्स ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की।

11 जून से 19 जुलाई तक होगा फुटबॉल विश्व कप

# फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगा ब्राजील

एजेंसी ▶▶| साओ पाउलो

ब्राजील फुटबॉल टीम इस साल होने वाले विश्व कप की तैयारी के अंतर्गत अमेरिका में फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील 11 जून से 19 जुलाई के बीच होने वाले विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 13 जून को मोरक्को के खिलाफ करेगी। फिर टीम का सामना छह दिन बाद फिलेडेल्फिया में हैती से होगा। ब्राजील 24 जून को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण का समापन करेगी।



### 26 मार्च को फ्रांस और ब्राजील में मुकाबला

प्रमोटरों ने घोषणा की कि ब्राजील की टीम 26 मार्च को मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो में फ्रांस से भिड़ेगी और फिर पांच दिन बाद फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में क्रोएशिया से दोस्ताना मैच खेलेगी। इसके अलावा क्रोएशिया 26 मार्च को ऑरलैंडो में कोलंबिया से भिड़ेगा और कोलंबिया 29 मार्च को मैरीलैंड के लैंडोवर में फ्रांस का सामना करेगा। इन मैत्री मुकाबलों का आयोजन यूनीफाइड इवेंट्स, फ्लोरिडा सिट्रस स्पोर्ट्स, पिच इंटरनेशनल, लायंस स्पोर्ट्स एंड मीडिया और कार्डेनास मीडिया नेटवर्क की ओर से किया जा रहा है।

### फीफा का वीडियो कंटेंट पार्टनर बना 'टिकटॉक'

जिनेवा। फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा ने 11 जून से 19 जुलाई तक चलने वाले पुरुष फुटबॉल विश्व कप में सोशल मीडिया पर वीडियो कंटेंट के लिए 'टिकटॉक' को अपना प्रमुख प्लेटफॉर्म चुना है। इस साझेदारी के अंतर्गत 'कंटेंट क्रिएटर्स' को 48 टीम वाले विश्व कप में विशेष अनुमति मिलेगी। यह टूर्नामेंट 16 शहरों में आयोजित होगा। इनमें अमेरिका के 11, मेक्सिको के तीन और कनाडा के दो शहर शामिल हैं। फीफा ने बताया कि विश्व कप के प्रसारण अधिकार रखने वाले ब्रॉडकास्टर टिकटॉक ऐप पर बने एक विशेष 'हब' के जरिए 104 मैच के कुछ हिस्सों का लाइव प्रसारण कर सकेंगे।

Dr. Juneja's EYE Mantra®
दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा
प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।


12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com


यह जानकारी शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है

# 'शक्सगाम घाटी भारत का अभिन्न अंग, चीन और पाकिस्तान आर्थिक गलियारा अवैध', पाक का कब्जा गलत: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को अपने दो निकट पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान की नापाक कारगुजारियों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें राजधानी में हुई एक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा कि शक्सगाम घाटी भारत का अभिन्न और अटूट अंग है और हम इस पर किए गए पाकिस्तान के अवैध कब्जे को स्वीकार नहीं करते हैं। साथ ही क्षेत्र में जारी चीन की ढांचागत निर्माण परियोजना यानी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) को भी भारत ने मान्यता नहीं दी है और न ही कभी देंगे। यह गलियारा और इसका निर्माण पूरी तरह से अवैध होने के साथ ही भारत के लिए अमान्य है। इस संबंध में भारत ने कई बार चीन के समक्ष अपना विरोध भी दर्ज कराया है। साथ ही वो इस इलाके में अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने का अधिकार रखता है।

## 1963 का समझौता गैर-कानूनी

उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 1963 में शक्सगाम क्षेत्र को गैरकानूनी ढंग से पाकिस्तान द्वारा चीन को देने के लिए हुए तथाकथित समझौते को भी नकारता है। यह समझौता अवैध है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे दोनों केंद्रशासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अटूट अंग हैं। इसलिए यहां से होकर गुजरने वाले चीन के सीपेक के निर्माण को भी हम सिरे से खारिज करते हैं। क्योंकि इसे भारत की जमीन पर किया जा रहा है।

जिस पर पाकिस्तान के अवैध कब्जा किया हुआ है। हम शक्सगाम घाटी में जमीनी हकीकत को लगातार बदलने की कोशिशों का पुरजोर अंदाज में विरोध करते रहेंगे। बताते चलें कि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने पिछले साल जुलाई महीने में संसद में विपक्ष द्वारा की जा रही सत्ता पक्ष की आलोचनाओं को लेकर कहा था कि बीते करीब 60 साल से पाकिस्तान और चीन के बीच जारी सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक तालमेल का पैटर्न भारत के लिए दो मोर्चों पर खतरे की चुनौती बना हुआ है। यह वर्तमान तनाव का परिणाम नहीं है। इसलिए देश की कूटनीति और रक्षा को अब भली भांति समझना होगा।

## अमेरिका के जब्त किए रूसी जहाज में 3 भारतीय

रणधीर ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि अमेरिका द्वारा हाल ही में पकड़े गए रूसी झंडे वाले जहाज (तेल टैंकर) में शामिल चालक दल के 28 सदस्यों में से तीन भारतीय भी हैं। जिनके बारे में हम अमेरिका से जरूरी जानकारी हासिल कर रहे हैं। मालूम हो कि इस जहाज को अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को अगवा करने के प्रकरण के बाद जारी तनाव के मध्य अटलांटिक महासागर में वेनेजुएला से संबंध की आशंका के बीच पकड़ा है। इसके अलावा ईरान में जारी हिंसक सत्ता विरोधी प्रदर्शनों के दौर में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान में चल रही समूचे घटनाक्रम पर भारत बेहद बारीकी के साथ नजर बनाए हुए है। अभी फिलहाल वहां पर हमारे देश के कुल करीब 10 हजार नागरिक हैं। तनाव के बीच भारतीयों की सहायता के लिए हमने ईरान से काउंसलर सुविधा मांगी है।

## खबर संक्षेप

### नासा ने अंतरिक्ष मिशन रोका, स्पेसवॉक की रद्द

**वॉशिंगटन।** एक अंतरिक्ष यात्री की खराब सेहत के कारण नासा ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर चल रहे एक मिशन को बीच में ही रोक दिया है। नासा ने चार सदस्यों वाले क्रू-11 दल को पृथ्वी पर कुछ दिनों में वापस बुलाने का निर्णय लिया है। यह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 25 साल के इतिहास में पहली बार है जब किसी मेडिकल इश्यू के कारण क्रू को समय से पहले वापस लाया जा रहा है। प्रभावित अंतरिक्ष यात्री की हालत अब स्थिर है।



### 12 जनवरी को करेगा नए सैटेलाइट का लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी 2026 को अपना पहला अंतरिक्ष मिशन लॉन्च करने जा रहा है। इसरो का पीएसएलवी-सी62 रॉकेट पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-एन1 (अन्वेषा) को अंतरिक्ष में स्थापित करेगा। इसरो ने बताया कि रॉकेट और उपग्रह का इंटीग्रेशन पूरा हो चुका है और प्री-लॉन्च जांच जारी है। यह मिशन 12 जनवरी को सुबह 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा।



शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के एनआईडीएमएस का उद्घाटन किया

# आतंकी गतिविधियों की जांच और उनके खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने में अब और होगी आसानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के नेशनल आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम (एनआईडीएमएस) का उद्घाटन किया। अमित शाह ने कहा कि गत 6 वर्षों में अनेक प्रकार का डेटा जनरेट कर उसे व्यवस्थित तरीके से एकत्रित करने का महत्वपूर्ण काम हुआ है। एनआईडीएमएस आगामी दिनों में देश में होने वाली सभी प्रकार की आतंकवादी घटनाओं की जांच और उनके विभिन्न पहलुओं के विश्लेषण में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

साथ ही, एनआईडीएमएस आतंकवाद के विरुद्ध नेक्स्ट जेनरेशन सुरक्षा कवच बनेगा। गृह मंत्री शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने विगत वर्षों में विभिन्न प्रकार के डेटा सृजित किए हैं, लेकिन अब तक वे अलग-अलग थे। अब हम इन सभी डेटा स्रोतों को एक-दूसरे से जोड़ने और उनके विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक उन्नत सॉफ्टवेयर विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनआईडीएमएस की आज की यह शुरुआत इस प्रक्रिया को गति प्रदान करेगी और देश को आतंकवाद से सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी।

> गृह मंत्री शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने विगत वर्षों में विभिन्न प्रकार के डेटा सृजित किए हैं, लेकिन अब तक वे अलग-अलग थे। अब हम इन सभी डेटा स्रोतों को एक-दूसरे से जोड़ने और उनके विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक उन्नत सॉफ्टवेयर विकसित

एनआईडीएमएस आतंकवाद के विरुद्ध नेक्स्ट जेनरेशन सुरक्षा कवच बनेगा

आतंकी घटनाओं के विश्लेषण में अहम साबित होगा

## दो तरफा एकीकृत ऑनलाइन डेटा उपलब्ध


एनआईडीएमएस का उद्घाटन करते गृह मंत्री शाह

अमित शाह ने आगे कहा कि एनआईडीएमएस से एनआईए, देशभर की एटीएस, राज्यों की पुलिस और सभी सीएपीएफ को एक वृहद, एकीकृत और ऑनलाइन डेटा प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा, जो दो-तरफा होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर हुए विस्फोट या आईईडी संबंधी घटना का डेटा इस सिस्टम में शामिल किया जा सकेगा। इस डेटा का उपयोग करके हर राज्य में जांच के दौरान आवश्यक गाइडेंस प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि एनआईडीएमएस आतंकी गतिविधियों की जांच, विस्फोटों के ट्रेंड समझने और उनके खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। अमित शाह ने कहा कि एनआईडीएमएस एक सुरक्षित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से देशभर की बम विस्फोट संबंधी घटनाओं का संगठित रूप से सटीक विश्लेषण किया जा सकेगा।

## पैटर्न को समझने से वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित अभियोजन संभव होगा

गृह मंत्री ने कहा कि 'वन नेशन, वन डेटा रिपोजिटरी' के माध्यम से अलग-अलग विभागों में बिखरा डेटा अब एक राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में हर पुलिस इकाई को उपलब्ध होगा। इससे अभियोजन की गति और गुणवत्ता दोनों में बहुत अच्छा और सकारात्मक बदलाव आएगा और हम पैटर्न को भी आसानी से समझ पाएंगे। उन्होंने कहा कि पैटर्न को समझने से वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित अभियोजन संभव होगा। साथ ही, एजेंसियों के बीच समन्वय भी बेहतर तरीके से स्थापित होगा। शाह ने आगे कहा कि यह सही सूचना को सही समय और सही जगह पर पहुंचाने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास होगा।

### एनएसजी सुरक्षा का मजबूत स्तंभ

*अमित शाह ने कहा कि एनएसजी हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ है। एनएसजी के जवानों की वीरता, अद्वितीय कौशल और अटूट समर्पण के कारण हमारे नागरिक चैन की नींद सो पाते हैं। कहीं भी हमला हो, उसका सटीक और त्वरित जवाब देना हो, एंटी-हाइजैक ऑपरेशन के लिए निरंतर तैयारी बनाए रखनी हो, बम डिस्पोजल के ऑपरेशन हों एनएसजी ने हर बार सफल परिणाम भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद निरोधक गतिविधियाँ, विमान हाइजैक विरोधी अभियान, बम को निष्क्रिय करने की उन्नत प्रणाली और अब इसका डेटा सभी एजेंसियों के साथ साझा करने का प्लेटफॉर्म तैयार करना-ये सभी महत्वपूर्ण कार्य एनएसजी कर रही है।*

मुख्यमंत्री धामी ने लिया फैसला

# अंकिता भंडारी हत्या केस की जांच सीबीआई से कराने की संस्तुति की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तराखंड सरकार ने राज्य के चर्चित अंकिता भंडारी हत्या मामले की जांच सीबीआई से कराने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि इस मामले में सीबीआई जांच की संस्तुति केंद्र सरकार से कर दी है। साल 2022 में वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या का मामला सामने आया था। धामी ने अंकिता भंडारी के माता–पिता से बातचीत के बाद अब बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश के लोग इस मामले को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। गौरतलब है कि हत्याकांड में शुरू से ही वीआईपी के नाम को लेकर लोग सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। वहीं, बीते दिनों वायरल ऑडियो वीडियो प्रकरण के बाद यह मांग और तेज हो गई थी। अब सीएम ने इस मामले में सीबीआई जांच की संस्तुति कर दी है।

अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी और माता सोनी देवी ने बुधवार रात धामी से मुलाकात की और उन्हें एक पत्र सौंपा जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की देखरेख में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मामले की जांच की मांग की गई थी। एक वीडियो संदेश में शुक्रवार को धामी ने कहा कि बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अंकिता के माता-पिता ने भेंट के दौरान सीबीआई जांच की मांग रखी थी जिसका सम्मान करते हुए हमारी सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा कि मातृशक्ति की सुरक्षा एवं उनके सम्मान के लिए हमारी सरकार सदैव प्रतिबद्ध रही है।

देवभूमि उत्तराखंड में कानून का राज है, यहां दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने अंकिता भंडारी के माता-पिता से मुलाकात के दौरान अंकिता के माता पिता को आश्वासन दिया था कि राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगत बेटी अंकिता के माता-पिता के साथ आधिकारिक आवास पर एक बैठक हुई। इस दौरान, उन्हें उनकी मांगों पर कानूनी, निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। हमारी सरकार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस मामले में पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ काम किया है। सचिवालय के मीडिया सेंटर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंकिता भंडारी मामले से संबंधित सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष और गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए महिला अधिकारी रेणुका देवी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था, जिसने मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की।

सीएम धामी ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी विलंब के पूर्ण संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। प्रकरण से जुड़े सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया और राज्य सरकार की ओर से प्रभावी और सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गई। आरोपी सलाखों के पीछे हैं। सरकार की अंकिता के परिवार के साथ पूरी संवेदना है।

## यह था हत्याकांड का पूरा मामला

18 सितंबर, 2022 को वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या कर उसका शव चीला शक्ति नहर में फेंक दिया गया था। घटना के एक सप्ताह बाद चीला नहर से शव बरामद हुआ था। एसआईटी की जांच के बाद वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक व दो अन्य कर्मियों के खिलाफ करीब 500 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से इस मामले में 97 गवाह बनाए गए थे। जिसमें से अभियोजन पक्ष ने विवेचक समेत 47 गवाह परीक्षित कराए। मुख्य आरोपी पुलकित आर्य पर आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 201 (साक्ष्य छुपाना), 354 (ए) (छेड़खानी व लज्जा भंग) और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोप तय हुए। दूसरे आरोपी सौरभ भास्कर और तीसरे आरोपी अंकित गुप्ता पर आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 201 (साक्ष्य छुपाना) और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोपों पर विचारण किया गया। इसके बाद उन्हें उम्रकैद की सजा हुई थी।

# भारत क्लाइमेट फोरम 2026 जलवायु कार्रवाई विकास का अवसर, बाधा नहीं: उपराष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति सीपी.राधाकृष्णन ने क्लाइमेट फोरम 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु कार्रवाई भारत के विकास पर कोई बाधा नहीं, बल्कि समावेशी विकास को तेज़ करने, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार अर्थव्यवस्था के निर्माण का एक रणनीतिक अवसर है।



उपराष्ट्रपति ने काउंसिल फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक अंडरस्टैंडिंग की सराहना करते हुए कहा कि इस फोरम को गंभीर चिंतन और सार्थक कार्रवाई के लिए एक राष्ट्रीय मंच के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु और सतत विकास को लेकर भारत की सोच उसकी सभ्यतागत विरासत में गहराई से निहित है। आधुनिक समय में स्थिरता की अवधारणा के उभरने से बहुत पहले ही भारतीय दर्शन में मानव गतिविधियों और प्रकृति के बीच सामंजस्य पर बल दिया गया था। यह सोच पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियों, सतत कृषि पद्धतियों, जैव विविधता संरक्षण तथा प्रकृति और अपरिग्रह जैसे नैतिक सिद्धांतों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। पिछले एक दशक में भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश ने हमेशा विकास और समानता के बीच, तथा वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने एक विकासशील राष्ट्र के रूप में जलवायु दायित्व को देखने और निभाने के तरीके को मूल रूप से नया आयाम दिया है।

भारत की 'पंचामृत' प्रतिबद्धताओं का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये लक्ष्य कम-कार्बन भविष्य की दिशा में एक स्पष्ट मार्ग प्रस्तुत करते हैं। इनमें वर्ष 2070 तक नेट-ज़ीरो उत्सर्जन का लक्ष्य शामिल है, जो भारत की विकास प्राथमिकताओं और आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी को भी सुदृढ़ करता है। स्वदेशी स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के महत्व पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल आयातित तकनीकों या कमजोर आपूर्ति श्रृंखलाओं के भरोसे नहीं किया जा सकता। इसके लिए घरेलू स्वच्छ तकनीकों, मजबूत विनिर्माण क्षमता और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल की आवश्यकता है।

बोले राजनाथ सिंह, ये हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल विकास के लिए ठोस आधार है

# डीआरडीओ ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल से जुड़ा एक बड़ा परीक्षण, क्षमता में वृद्धि दर्ज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को हाइपरसोनिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़े हुए एक बेहद महत्वपूर्ण परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया है। रक्षा मंत्रालय ने इसे हाइपरसोनिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए फुल स्केल एक्टिवली कूल्ड लॉन्ग ड्यूरेशन स्क्रैमजेट इंजन के ग्राउंड परीक्षण का नाम दिया है। यह उपलब्धि पिछले साल 25 अप्रैल 2025 को दीर्घावधि सबस्केल परीक्षण पर आधारित है। जो हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम है। कंबस्टर और टेस्ट केंद्र को डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला डीआरडीएल ने डिजाइन के साथ विकसित किया है। साथ ही उद्योग भागीदारों ने इसे साकार किया है। इस सफल परीक्षण से भारत ने उन्नत एयरोस्पेस क्षमताओं में अग्रणी स्थान हासिल कर लिया है।



**रक्षा मंत्री ने दी बधाई:** परीक्षण की सफलता को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ की टीम और उद्योग भागीदारों और शिक्षाविदों की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि फुल स्केल एक्टिवली कूल्ड लॉन्ग ड्यूरेशन स्क्रैमजेट इंजन के सफल ग्राउंड परीक्षण की यह उपलब्धि देश के हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल विकास कार्यक्रम के लिए ठोस आधार है। डीआरडीओ सचिव डॉ. समीर.वी. कामत ने भी परीक्षण में शामिल भागीदारों की टीम को परीक्षण की सफलता के लिए बधाई दी है।

**हाइपरसोनिक मिसाइल की विशेषताएं:** हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल विस्तारित अवधि तक ध्वनि की गति से पांच गुना यानी 6 हजार 100 किमी. प्रति घंटा से अधिक की गति से उड़ने में सक्षम है। परीक्षण ने उन्नत स्क्रैमजेट कंबस्टर के डिजाइन के साथ-साथ अत्याधुनिक परीक्षण केंद्र की क्षमताओं को सफलतापूर्वक मान्य किया है।

**डीआरडीएल की रही अहम भूमिका:** मंत्रालय ने कहा कि इस परीक्षण में डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला डीआरडीएल ने हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रयोगशाला ने 9 जनवरी को ग्राउंड परीक्षण सफलता के साथ पूरा किया है। जिसमें 12 मिनट से अधिक का रन टाइम हासिल किया गया।

चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध हटाने के प्रस्ताव पर विपक्ष का तीखा हमला

# संसद में चीन नीति पर बहस की मांग, सरकार पर उठाए कई सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जिस चीन ने गलवान में हमारे सैनिकों को शहीद किया, ऑपरेशन सिंदूर में भारत के खिलाफ पाकिस्तान का साथ दिया, क्या उस पर लगा व्यापारिक प्रतिबंध हटाने पर हो रहा है विचार ? जैसे ही ये खबर एक विदेशी समाचार एजेंसी से जारी हुई देश में तीखी बहस हुई तेज हो गई। विपक्षी दलों ने मुद्दे को लपक लिया। केंद्र सरकार से जवाब तलब शुरू हो गए। ये बात अलग है कि शुक्रवार को पूरे दिन दिल्ली की हड़कंपाती ठंड में भी राजनीति का तापमान बढ़ा रहा। केंद्र सरकार से कोई जवाब नहीं आया। केंद्र सरकार द्वारा चीनी कंपनियों पर पिछले 5 वर्षों से लगे प्रतिबंधों को हटाने के प्रस्ताव को लेकर देश की राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस कदम को भारत की सुरक्षा, विदेश नीति और राष्ट्रीय स्वाभिमान के खिलाफ बताते हुए मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जयराम ने सोशल मीडिया बयान में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन द्वारा पाकिस्तान को खुला सैन्य समर्थन दिए जाने के 8महीने बाद और उपसेना प्रमुख द्वारा चीन को भारत के 'दुश्मनों' में शामिल किए जाने के बावजूद, मोदी सरकार अब चीनी कंपनियों को भारतीय सरकारी ठेकों में भाग लेने की अनुमति देने की तैयारी कर रही है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ सीधा समझौता बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव उन हालिया फैसलों की कड़ी है, जिनमें चीनी कंपनियों को भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश की अनुमति देना और चीनी कामगारों को उदार वीज़ा नीति के तहत प्रवेश देना शामिल है। ये फैसले नीति आयोग की उन व्यापक सिफारिशों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य भारत में चीनी व्यापार और निवेश पर लगी लगभग सभी पाबंदियों को हटाना है। रमेश ने कहा कि यह नीति चीन की आक्रामकता के सामने 'सोची-समझी आत्मसमर्पण रणनीति' है। उन्होंने 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा चीन को दी गई सार्वजनिक क्लीन चिट को इस कमजोरी का सबसे शर्मनाक उदाहरण बताया। उन्होंने यह भी कहा कि एक ओर भारतीय सैनिकों को पारंपरिक गश्ती क्षेत्रों तक पहुंचने से रोका जा रहा है, चीन पूर्वी लद्दाख में भारी सैन्य मौजूदगी बनाए हुए है, अरुणाचल प्रदेश पर उकसावे की कार्रवाई कर रहा है और ब्रह्मपुत्र नदी पर मेडोग बांध का निर्माण कर रहा है।

**कांग्रेस अध्यक्ष उठाए विदेश नीति पर सवाल:** खरगे ने भी सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के नारे 'मैं देश नहीं झुकने दूंगा' का उल्लेख करते हुए कहा कि आज जो हो रहा है, वह उसके बिल्कुल उलट है। उन्होंने दो उदाहरण गिनाए। पहला, 5 साल से लगे चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध को हटाने का फैसला और दूसरा, अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा रूस से भारत के तेल आयात पर लगातार की जा रही टिप्पणियों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी। खरगे ने कहा कि भारतीय सैनिकों के बलिदान का अपमान पहले ही चीन को "क्लीन चिट" देकर किया गया था और अब चीनी कंपनियों के लिए "लाल कार्पेट" बिछाया जा रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109